
तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 11 मई 2025

11 कुपोषित बच्चों को मिला किट हितग्राहियों को दिए नए राशनकार्ड



11 भिलाई-तीन में भाजपा संगठन की बैठक








## खबर संक्षेप

### एसएसपी ने बदले थाना प्रभारी, जामुल राजेश व ममता संभालेंगी दुर्ग

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने 18 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें निरीक्षक अमलेश्वर ममता अली शर्मा को दुर्ग, जामगांव आर निरीक्षक राज कुमार लहरे पदमनाभपुर, कोतवाली दुर्ग निरीक्षक विजय यादव सुपेला, रानीतराई निरीक्षक प्रकाश कांत जेवरा सिरसा, मोहन नगर निरीक्षक शिव चंद्रा जामगांव आर, पुलिस निरीक्षक भानुप्रताप साव अंडा, पदमनाभपुर निरीक्षक केशवराम कोसले मोहन नगर, सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा जामुल, पुलिस लाइन निरीक्षक रमेश निषाद ट्रैफिक और अंजोरा चौकी उपनिरीक्षक रामनारायण ध्रुव अमलेश्वर, नेवई उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे अंजोरा प्रभारी, जिला विशेष शाखा दुर्ग उप निरीक्षक सुकालु राम नरेटी थाना मोहन नगर, महेश्वर लाल देवांगन नेवई, प्रभारी जेवरा सिरसा पुरषोत्तम कुर्रे रानीतराई, पुलिस लाइन दुर्ग से सहायक उप निरीक्षक संतोष मिश्रा थाना सुपेला, उतई अश्वनी कुमार पुलिस लाइन दुर्ग, चंद्रशेखर सिंह ट्रैफिक, प्रधान आरक्षक ज्ञानेश्वर देवांगन रानीतराई ट्रांसफर किया है।

### गांजा की तस्करी, महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सडक 11 जोन 01 केनाल रोड छावनी निवासी अकुला मीना उर्फ कर्री उर्फ सुनीता एक्टिवा सीजी 07 सीएच 2876 के साथ 1.200 किलो गांजे के साथ पकड़ी गई। गांजा की कीमत 10 हजार और एक्टिवा 50 हजार रुपए का जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस ने एवेन्यु रोड पावर हाऊस के पास महिला के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर तुरंत सुनीता को पकड़ा गया। कार्रवाई में प्रभारी मोनिका पाण्डेय और उनकी टीम का योगदान रहा है।

वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का टारगेट, जमीनी हकीकत कुछ और

# सुपेला में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज जिले में 188 पंचायत टीबी मुक्त नहीं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

जिले से इस साल यानी वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करना है। हाल यह है कि जिले के 304 ग्राम पंचायतों में से 188 ग्राम पंचायतें अभी टीबी मुक्त नहीं हो पाई है। जबकि 116 ग्राम पंचायतें ही टीबी मुक्त हो पाई है। केंद्र सरकार पूरे देशभर की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अभियान चला रही है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में देखें तो सुपेला क्षेत्र में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज हैं। कोरोना के बाद टीबी मरीजों की संख्या बढ़ी है। जो स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है।

### शहरी क्षेत्र दुर्ग और सुपेला भिलाई में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज

स्वास्थ्य विभाग को शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज मिले हैं। सुपेला और दुर्ग क्षेत्र में टीबी मरीजों की संख्या ज्यादा है। इसकी वजह ट्विनसिटी में कोरोनाकाल के दौरान कोरोना पीड़ित भी सर्वाधिक रहे हैं। माना जा रहा है कि कोरोना से प्रभावित मरीजों में टीबी संक्रमण अधिक देखा गया। सुपेला क्षेत्र में 1767 हैं। दुर्ग में 1259 टीबी मरीज हैं। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मरीजों की संख्या कम है। धमधा ब्लॉक में 268 और पाटन ब्लॉक में 364 टीबी मरीज हैं। जिले में कुल 3658 टीबी मरीज मिले हैं। ये मरीज जनवरी से दिसंबर 2024 तक के हैं।



### धमधा व पाटन के ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीबी मरीज ज्यादा

जिले के धमधा व पाटन ब्लॉक के अंतर्गत ज्यादा ग्राम पंचायतें टीबी फ्री नहीं हो पाई है। धमधा में कुल 119 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 51 टीबी फ्री हो गई है। यहां 68 पंचायतें टीबी फ्री नहीं की जा सकी है। पाटन ब्लॉक के अंतर्गत 112 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से 46 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। 56 ग्राम पंचायतें टीबी फ्री होने से बाकी हैं। दुर्ग ब्लॉक के अंतर्गत 73 ग्राम पंचायतें हैं। यहां 19 ग्राम पंचायतें टीबी फ्री हो गई हैं। 54 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त नहीं हो पाई हैं।

**ऐसे होती है टीबी बीमारी:** ट्यूबरकुलोसिस को टीबी भी कहा जाता है। इसे क्षय रोग के नाम से भी जाना जाता है, यह एक आक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है लेकिन यह शरीर के कुछ अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। फेफड़ों को प्रभावित करने वाली टीबी, टीबी का सबसे आम प्रकार है।

**वायुजनित रोग है टीबी:** जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक बताते हैं कि टीबी एक वायुजनित रोग है। यह मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर हवा में निकलने वाले संक्रमित कणों के माध्यम से फैलता है। जिन लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उन्हे इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। संक्रमण से बचाव के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच व इलाज के लिए तैयार रहना चाहिए।

## डिप्टी सीएम साव की नाराजगी के बाद कुम्हारी सीएमओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुम्हारी पालिका के सीएमओ नेतराम चन्द्राकर को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि 9 मई को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कुम्हारी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सीएमओ को लेकर कई शिकायतें की। इसके बाद साव ने जांच की तो अपूर्ण दस्तावेज, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही मिली। इस पर अरुण साव ने फटकार भी लगाई। मामले में संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई। नगरीय प्रशासन के अवर सचिव ने उन्हें निलंबित कर दिया। जांच प्रतिवेदन के मुताबिक निरीक्षण में पाया गया कि अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति पंजी एवं निष्ठा एप में उपस्थिति नहीं थी। नगर पालिका लेखा के निरीक्षण में कैशबुक पंजी एवं लेखा पंजी अपूर्ण थी। निकाय में पेयजल संकट की स्थिति अमृत मिशन की धीमी प्रगति एवं अटल परिसर निर्माण की प्रगति अत्यंत कमी पाई गई। निकाय की राजस्व वसूली, पीएम आवास, सुशासन तिहार में आवेदनों की निराकरण की स्थिति एवं निर्माण कार्यों की प्रगति अत्यधिक धीमी थी। इस मामले में सीएम नेतराम चंद्राकर को दोषी पाया गया।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


## तेज रफ्तार में बाइक चलाने को लेकर उपजे विवाद में युवक की हत्या, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- उतई पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, आरोपियों ने डंडे और स्टील के पाइप से की थी पिटाई



खदान में काम करने वाले युवक के हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला और तीन युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को खिलाफ पुलिस ने धार धारा 296,115(2),105,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि छाटा निवासी हरकिशन खुटयारे बाइक से घर की ओर आ रहा था। इस दौरान पड़ोसी नुपुर अपने बच्चे और पति, देवर के साथ सड़क पर बैठी थी। हरकिशन उसके बगल से बाइक चलाते हुए निकला तो नुपुर उसे बोली बाइक कैसे चला रहा है। इसी बात को लेकर हरकिशन के साथ गाली गलौज करने लगे। नुपूर का पति शंकर, उसका भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी घटनास्थल पहुंच गए। इस दौरान प्रदीप स्टील का पाइप, शंकर, ज्ञानेश्वर हाथ में डंडा लेकर मृतक के घर पहुंचा। हरकिशन का कॉलर पकड़कर खींचते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। सड़क पर बनी पक्की नाली मे जोर से हरकिशन को ढकेल दिया। जिससे हरकिशन बेहोश हो गया। उसके बाद चारों फरार हो गए। हरकिशन को उठाकर परिजनों ने उसे बिस्तर पर सुला दिया। खाना खाने के दौरान हरकिशन को आवाज लगाने पर नहीं उठा तो उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे चेक कर हरकिशन को अंदरुनी चोट आने से मौत होना बता दिया। पुलिस ने आरोपी शंकर घटे, नुपुर घटे, प्रदीप भोगरे, ज्ञानेश्वर भोगरे को गिरफ्तार किया है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### अमलेश्वर में मकान का ताला तोड़कर 80 हजार के जेवरात पार

मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305, 331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि अशोक वाटिका अमलेश्वर डीह निवासी भीमा साहू प्रा.शा. ग्राम अटारी जिला रायपुर में शिक्षक के पद पर है। मकान में ताला जड़कर कालेज दतरेंगा पढाई के सिलसिले में गया था। दोपहर को घर वापस लौटने पर दरवाजे का ताला टुटा पड़ा मिला। मकान के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी और लाकर का लाक टुटा पड़ा था। अज्ञात ने मकान से रखे सोना चांदी के जेवरात, एटीएम कार्ड, पेनकार्ड, चेकबुक समेत रजि. पेपर गायब मिला। चोरी हुए सामनों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

मौसम के उतार-चढ़ाव ने लोगों को किया बेहाल

## तापमान 40 के पार, आज फिर बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले दस दिनों से मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। शनिवार को पारा अचानक बढ़ गया और 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा। जिसकी वजह से सुबह से तेज गर्मी देखने को मिली। दोपहर आते-आते गर्मी असहनीय होने लगी। लोग दोपहर से शाम तक घर में ही दुबके रहे। शनिवार को अवकाश होने की वजह से सरकारी दफ्तर व बैंक बंद रहे। इसलिए भी लोगों की चहल-पहल आम दिनों की अपेक्षा काफी कम दिखी। मौसम विभाग के अनुसार 11 मई को मौसम में बदलाव के आसार बन रहे है।



### मौसम में उतार-चढ़ाव इस वजह से

मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर छत्तीसगढ़ के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोंभ 70 डिग्री पूर्व और 27 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक उत्तर-दक्षिण उत्तर अंदरूनी कर्नाटक से मन्नार की खाड़ी तक, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से मौमस में यह बदलाव देखा जा रहा है।

### आज हल्के बादल छाने के आसार

मौसम विज्ञानी डॉ. चंद्रा बताते हैं कि 11 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के एक -दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात भी हो सकता है।

### तापमान में तीन डिग्री बढ़ोतरी

मौसम विज्ञानी डॉ. चंद्रा बताते हैं कि आने वाले चार दिनों में उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। चार दिनों तक 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होती जाएगी। इस तरह फिर से तापमान वर्तमान जैसा यानी 39 से 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। दुर्ग का न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा है।





देश का वीर जवान हूँ मैं।
एक माँ से दूर हूँ तो एक मां के पास हूँ मैं।
हर देशवासी की सुरक्षित रहने की आस हूँ मैं।
भारत माँ के चरणों में शीश नवाता एक दास हूँ मैं।
जय हिन्द जय भारत
LOC
Muzaffarabad
Kotli
Gulpur
Bhimber
Sialkot
Chak Amru
Muridke
PAKISTAN
INDIA
Bahawalpur
OPERATION
SINDOOR
9 TERROR SITES
TARGETED BY INDIA




OPERATION
SINDOOR
जय हिन्द जय भारत
NARENDRA KUMAR BANCHOR
Working President-National Confederation of Officers Association
Chairman-Steel Executives Federation of India
President-Offiers Association BSP


OPERATION
SINDOOR
जय हिन्द जय भारत
'न भूलते हैं, न माफ करते हैं...'
इंद्रजीत सिंह (छोटू)
समाज सेवी
डायरेक्टर-हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी (HTC)


OPERATION
SINDOOR
"ऑपरेशन सिंदूर"
की सफलता के लिए देश के वीरसपूत
"विंग कमांडरों" एवं देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
विनायक ताम्रकार
जिलाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा, दुर्ग
भास्कर तिवारी
किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी


झुकने ना दूंगा तेरे स्वाभिमान को
चाहे दांव पे लगानी पड़े, अपनी जान को
OPERATION
SINDOOR
मा. ललित चंद्राकर जी
विधायक एवं उपाध्यक्ष
छ.ग. राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग
क्षेत्र विकास प्राधिकरण छ.ग. शासन
गिरेश साहू
सदस्य
जिला सतर्कता एवं मॉनटरिंग
समिति जिला दुर्ग (छ.ग.)
रामखिलावन यादव
सदस्य
बंधक श्रम सतर्कता एवं निगरानी
समिति ब्लॉक दुर्ग (छ.ग.)
विनीतः समस्त ग्रामवासी, रसमड़ा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा


OPERATION
SINDOOR
फायरमैन प्रशिक्षण
भर्ती हेतु
सत्र 2025-26
FSDMI
PRIVATE INSTITUTE
Admission Helpline : 7697212782
योग्यताः- 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र एवं छात्राओं के लिए
कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़


OPERATION
SINDOOR
प्रकाश सांखला
अध्यक्ष - सराफा बाजार, दुर्ग
उपाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज


OPERATION
SINDOOR
आओ झुककर सलाम करें उनको जिसके हिस्से में ये मुकाम आता है
कितने खुशनसीब हैं वो लोग जिनका खून वतन के काम आता है
सियाराम ध्रुव
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ सहकारी साख
समिति सेक्टर 1 भिलाई
उपाध्यक्ष - श्रीमती वीणा देवांगन, प्र.का.स. - श्री भूपेन्द्र कुमार, श्रीमती शैला श्रीवास्तव, श्री बेदन लाल, श्री हेमचंद टिकरिहा, श्री लक्ष्मीनारायण देवांगन, श्री लाल सिंह, श्री शैलेन्द्र कुमार, श्री मनोज कुमार साहू, प्रबंधक - श्री जगनीक कुमार यादव, प्रतिनिधि :- 1)श्री अनिल कुमार बनज सह.प्रतिनिधि कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दुर्ग, 2). श्री एस.आर. कोसले प्रतिनिधि- दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना, बालोद

**प्रशांति मंदिर में ईश्वर अम्मा सप्ताह**
**दुर्ग।** कसारीडीह स्थित प्रशांति मंदिर में माता ईश्वर अम्मा सप्ताह मनाया गया। गीत नृत्य, आध्यात्मिक क्विज, ड्राइंग स्पर्धा हुई।

## निधन

### रामविलास यादव



**भिलाई।** सेक्टर-6 से निवासी रामविलास यादव का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 मई सुबह 10 बजे निज निवास क्वाटर 1/डी, सड़क-63 सेक्टर-6 से रामनगर मुक्तिमधाम के लिए निकलेगी। वे भूतपूर्व पश्चिम मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि तिलक राज यादव के काका थे।

### मैथ्यू डेविड



**भिलाई।** सेक्टर-7 क्यू नं. 4/ए सड़क-15 निवासी मैथ्यू डेविड की पत्नी संध्या डेविड का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार नेहरू नगर स्थित गवेरियार्ड में हुआ।

## रिसाली के सुशासन शिविर में विधायक चंद्राकर ने बांटे

# कुपोषित बच्चों को मिला सुपोषण किट हितग्राहियों को दिए गए नए राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुविधाओं और समस्याओं को लेकर नागरिकों को भटकना न पड़े इसलिए प्रदेश सरकार सुशासन तिहार शिविर का आयोजन निकाय स्तर पर कर रही है। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर वार्ड 18 रिसाली के सुशासन शिविर में कही। उन्होंने शिविर में न केवल कुपोषित बच्चों के लिए किट का वितरण किया, बल्कि नए राशन कार्ड भी हितग्राहियों को सौंपा। शिविर में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आमतौर पर समस्या और मांग के निराकरण के लिए नागरिकों को कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम जनता को उनके वार्ड में ही रहते समस्याओं का निराकरण हो ऐसी व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने पहले शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, चन्द्र प्रकाश सिंह, रेखा देवी, सोनिया देवांगन, चन्द्रभान ठाकुर, विनय नेताम, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल समेत लोग उपस्थित थे। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह व तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता मौजूद रहे।



### इन्हें मिला सुपोषण किट

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने चित्रांश यादव, कृतिका साहू, चैतन्य व रिया साहू को सुपोषण किट भेंट किया। वहीं आयुक्त व महिला पार्षदों ने विधायक की उपस्थिति में चमेली, गोरे, आरती साहू, खुशबू निषाद, शिवानी चंद्राकर की गोद भराई की।

### शिकायत से ज्यादा मांग

सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में आए आवेदन का निराकरण कर 9 वार्डो के लिए शिविर लगाया गया था। खास बात यह है कि शिविर में कुल 588 आवेदन आए। इसमें 23 शिकायत वाले आवेदन है। वहीं 565 आवेदन मांग से संबंधित है।

## अंचल व शहर की खबरें

### भिलाई-तीन में भाजपा संगठन की बैठक



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई तीन मंडल द्वारा संगठन परिचात्मक बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय लिया। साथ ही पार्टी में कार्यकर्ताओं के उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा कर उनका मनोबल बढ़ाया। भारत पाक युद्ध में लड़ रहे सैनिकों के साहस व मोदी की रणनीति का परिचय भी दिया। महामंत्री प्रेमलाल साहू ने भी कार्यकर्ताओं से परिचय व भेंटकर समझाया की यह पार्टी एक परिवार रूपी पार्टी है, सभी कार्यकर्ता महत्पूर्ण है। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता पार्टी की ताकत है। इस दौरान अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वरुण यादव ने किया। बैठक रुखमणी पैलेस में बृजेन्द्र सिंह,मंडल प्रभारी मनीष अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा,पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू ,जिला मंत्री दिलीप पटेल , हमीद अहमद शाह, राधेश्याम वर्मा , सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, श्याम जयसवाल,तोरण सोनी,भीखू बनछोर,चन्द्रिका यादव,पी एन शर्मा, पुखराज जैन ,तुलसी ध्रुव ,डॉ बालमुकुंद वर्मा, ज्ञानदास, सुशील यादव, बल्लू कुर्रे, तेजस पाल, तुलसी मरकाम, पद्मिनी, अजय साहू, महेन्द्र साहू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय नाचा महोत्सव आज

**अंडा।** छत्तीसगढ़ लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा दुर्ग के तत्वावधान में पुरखा के सुरता स्व. दाऊ दुलार सिंह मंदरा व साव की स्मृति में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय नाचा महोत्सव का आयोजन ग्राम लिटिया विधानसभा साजा में 11 मई को आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त नाचा दलों का मंचन किया जायेगा। द्वितीय दिवस समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विशेष अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, अध्यक्षता साजा विधायक ईश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, दीपक ताराचंद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, लीमन साहू, सतीश साहू, पूर्व नपाप अहिवारा के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, जिला पंचायत दुर्ग सभापति जितेन्द्र यादव, प्रिया साहू, महंत डॉ. लीलाधर दास अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ सहित जनपद सदस्य सरपंच उपस्थित होंगे।


**आम सूचना**

इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (भावी क्रेता) दीपेश कृपाल आत्मज श्री एफ.एल. कृपाल निवासी रिंग मार्ग कं. 01, नया चंगोरा भाटा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) तथा भूमिस्वामी / विकेता बोधनलाल आ० श्री बृजलाल ठाकुर निवासी एच.एन. 14, शीतला चौक, वार्ड कं. 16, ग्राम परसदा (पाहन्दा) कुम्हारी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के मध्य विक्रेता के स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि जो ग्राम परसदा प.ह.नं. 00013 रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग में स्थित है जिसका खसरा 812 रकबा 0.2500 हे० लगान 1.00 रूपये ऋण पुस्तिका कं. पी-2654467 है, के विक्रय के संबंध में इकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा इकरारनामा निष्पादन के पश्चात विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। उपरोक्त भूमि के उत्तर दिशा में ख.कं. 809 की भूमि, दक्षिण दिशा में ख.कं. 816 की भूमि. पूर्व दिशा में ख.कं. 807 एवं 821/1 की भूमि तथा पश्चिम में 811/2 एवं 813 की भूमि स्थित है।

अतः सवर्सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के आधिपत्य, स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अधर्शासकीय बैंक एवं संस्थान, साहूकार एवं अन्य किसी को भी कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निश्चित निर्धारित अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विक्रय संबंधित इकरारनामा अपने नाम पर निष्पादित करा लेगा तत्पश्चात की गई कोई भी आपत्ति विधि मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार के हित को प्रभावित नही करेगी।

अतः सूचना जाने।
स्थानः-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांकः- 09/05/2025

अधिवक्ता
किशोर कुमार अग्रवाल
एम.कॉम. एल एल बी
सीनियर अधिक्ता
दिगम्बर जैन मंदिर रोड, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 7389402741

**आम सूचना**

इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (भावी केता) दीपेश कृपाल आत्मज श्री एफ.एल. कृपाल निवासी रिंग मार्ग क. 01. नया चंगोरा भाटा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) तथा भूमिस्वामी / विकेता श्रीमती मंगतीन आ. श्री कुंवर सिंह ठाकुर निवासी वार्ड कं. 16, ग्राम पाहंदा कुम्हारी तह, व जिला दुर्ग (छ.ग.) के मध्य विक्रेता के स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि जो ग्राम परसदा प.ह.नं. 00013 रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा 811/2 रकबा 0.2000 हे० लगान 1.00 रूपये, ऋणपुस्तिका कं. पी-44560 है, के विक्रय के संबंध में इकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा इकरारनामा निष्पादन के पश्चात विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। उपरोक्त ख.कं. 811/2 के उत्तर दिशा में ख.कं. 809 की भूमि, दक्षिण दिशा में ख.कं. 813 की भूमि, पूर्व दिशा में ख.कं. 811/1 की भूमि तथा पश्चिम में ख.कं. 812 की भूमि स्थित है।

अतः सवर्सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के आधिपत्य, स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अधर्शासकीय बैंक एवं संस्थान, साहूकार एवं अन्य किसी को भी कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निश्चित निर्धारित अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विक्रय संबंधित इकरारनामा अपने नाम पर निष्पादित करा लेगा तत्पश्चात की गई कोई भी आपत्ति विधि मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार के हित को प्रभावित नही करेगी।

अतः सूचना जाने।
स्थानः-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांकः- 09/05/2025

अधिवक्ता
किशोर कुमार अग्रवाल
एम.कॉम. एल एल बी
सीनियर अधिक्ता
दिगम्बर जैन मंदिर रोड, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 7389402741

**आम सूचना**

इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (भावी क्रेता) दीपेश कृपाल आत्मज श्री एफ.एल. कृपाल निवासी रिंग मार्ग कं. 01. नया चंगोरा भाटा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) तथा भूमिस्वामी/विक्रेता कुंवर सिंह ठाकुर आ. श्री शिवप्रसाद ठाकुर निवासी वार्ड कं. 16, ग्राम पाहंदा कुम्हारी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के मध्य विक्रेता के स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि जो ग्राम परसदा प.ह.नं. 00013 रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा 837 रकबा 0.1800 हे० तथा ख.कं. 838 रकबा 0.23000 हे0 कुल ख.कं. 02 कुल रकबा 0.3800 हे० कुल लगान 1.00 रूपये है, के विकय के संबंध में इकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा इकरारनामा निष्पादन के पश्चात विकय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। ख.कं. 837 के उत्तर दिशा में ख.कं. 836 की भूमि, दक्षिण दिशा में ख.कं. 839 की भूमि, पूर्व दिशा में ख.कं. 838 की भूमि तथा पश्चिम में ख.कं. 834 की भूमि तथा ख.कं. 838 के उत्तर दिशा में ख.कं. 836 की भूमि, दक्षिण दिशा में ख.कं. 839 की भूमि, पूर्व दिशा में ख.कं. 1080/2 की भूमि तथा पश्चिम में ख.कं. 837 की भूमि स्थित है।

अतः सवर्सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के आधिपत्य, स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अधर्शासकीय बैंक एवं संस्थान, साहूकार एवं अन्य किसी को भी कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निश्चित निर्धारित अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विक्रय संबंधित इकरारनामा अपने नाम पर निष्पादित करा लेगा तत्पश्चात की गई कोई भी आपत्ति विधि मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार के हित को प्रभावित नही करेगी।

अतः सूचना जाने।
स्थानः-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांकः- 09/05/2025

अधिवक्ता
किशोर कुमार अग्रवाल
एम.कॉम. एल एल बी
सीनियर अधिक्ता
दिगम्बर जैन मंदिर रोड, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 7389402741

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल**
बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग.

**आम सूचना**

विषयः- सीमांकन के संबंध में आम सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सी. दयानंदन पिता सी. वैंकटैयया निवासी मकान नं. 64/ए/8/नेहरु नगर पश्चिम भिलाई दुर्ग द्वारा आवेदित भूमि ग्राम डोमा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 550, 557, 558 रकबा क्रमशः 0.19, 0.29, 0.27 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी के ज्ञापन क्रमांक क्यू आदेश दिनांक 05/03/2025 के परिपालन में दिनांक 16/05/25 को 10 बजे किया जावेगा। उक्त भूमि के सीमांकन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को जो भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज, नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 02/05/25

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक बोरीबजुर्ग

**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202505104000006/
अ-74/वर्ष 2024-25
ग्राम खेरधा, प.ह.नं. 03

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक यशवंत सिंह ठाकुर पिता स्व. चतुर सिंह ठाकुर, निवासी सुरडुंग तहसील भिलाई 03 व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि मौजा ग्राम खेरधा, प.ह.नं. 03, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1124/1 रकबा 0.11 हे० भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक यशवंत पिता चतुर सिंह के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका नक्शा बटांकन नही हुआ है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकन करने हेतु निवेदन कर आवेदन के समर्थन में, वर्तमान बी-1, नक्शा, खसरा, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रति कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20/05/2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक- 20/05/2025
जारी दिनांकः- 01/05/2025

मुहर

तहसीलदार अहिवारा,
जिला दुर्ग (छ.ग.)






## मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं












## खबर संक्षेप



### राजनीश को नेशनल बॉक्सिंग में मिला स्वर्ण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने दिल्ली में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर बीएसपी व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही 7 सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर राजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक मिला है। इस सफलता पर ईडी पवन कुमार सहित सीजीएम संदीप माथुर विजय शर्मा, डीजीएम व पूर्व ओलंपियन मुक्केबाज राजेन्द्र प्रसाद, राजीव कुमार तथा उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी भी उपस्थित थे।

### डूबने से बालक की मौत

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कोचेरा थाना डौंडी लोहारा जिला बालोद निवासी 15 वर्षीय बालक देवकुमार चोरिया राजनांदगांव के शिवनाथ नदी में डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू के बाद शव को बाहर निकाला। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिलने के बाद गोताखोरों की टीम सांकरदाह गांव पहुंची थी। जहां डीप डाइविंग जवान राजकुमार यादव और नरोत्तम चंदेल पानी के अंदर डूबकर शव को खोजना शुरू किया। तीन से चार घंटे की मशक्कत के बाद बालक के शव को बाहर निकाला गया।

### विवाद के चलते हमला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने सब्बल से प्राण घातक हमला कर दिया। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि कुगदा भरतपुर निवासी ललित सेन ने शिकायत किया है कि पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी अजय यादव ने कांता यादव की हत्या करने की नियत से उसके सिर पर सब्बल से हमला कर दिया। कांता अचेत होकर जमीन में गिरने पर उसे घसीटते हुए रेल्वे लाईन मैदान में फेंक कर फरार हो गया।

# फौजी की शहादत की याद दिला रहा खंडहर घर में लगा बबूल का दरख्त

विमल शंकर झा ▶▶| दुर्ग

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का अब बाकी यही निशां होगा। भारत पाक के बीच बरसों पूर्व हुई दूसरी जंग का पहला शहीद दुर्ग का ऐसा देशभक्त लाल था, जिसकी शहादत पर नमन करने कर्मभूमि और जन्मभूमि दोनों स्थानों में नमन करने हजारों लोग उमड़े थे। इस अनूठे फौजी का अभी कोई वजूद नहीं है और बरसों से खंडहर पड़ा घर भी वक्त के थपेड़ों की भेंट चढ़ चुका है। जहां घर था, वहां एक बबूल का एक दरख्त और देश की रक्षा के लिए मर मिटने वाले इस जांबाज फौजी की शहादत के साक्षी बने लोग उसकी शहादत व देशप्रेम की गाथा की याद दिला रहे रहे हैं।

भारत पाकिस्तान के बीच चल रही जंग ने शहरवासियों के जेहन में दोनों देशों की बीच हुई 1971 की ऐतिहासिक विजय वाले युद्ध की यादें ताजा कर दी हैं। नई पीढ़ी को यह जानकर फक्र होगा कि इस युद्ध में दुर्ग के बहादुर सैनिक राजकुमार तिवारी ने भी पंजाब सरहद पर साथी सैनिकों के साथ मुकाबला किया था। भारत के बांग्लादेश के अभ्युदय के साथ पाक पर फतह हासिल करने में हमारे शहर के इस लाल ने भी शहादत दी थी। उनकी फोटो लेकर जब आर्मी के हेडक्वार्टर दिल्ली से फौजी अफसर दुर्ग के उनके निवास पंचशील नगर पहुंचे सारा शहर श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा था। जब माता पिता ने अपने पैतृक गांव में बेटे का अंतिम संस्कार की इच्छा जताई तो यहां देशप्रेम के जज्बे से भरे लोगों ने उनकी तस्वीर को ही तिरंगे में लपेटकर ट्रक पर रखकर शहर में श्रद्धांजलि यात्रा निकाली थी। ऐसा ही जनसैलाब उनके पैतृक ग्राम मंझावन कानपुर यूपी में अंतिम संस्कार पर उमड़ा था। दुर्ग के वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीशचंद्र शर्मा बताते हैं कि बचपन से ही शहीद राजकुमार तिवारी से मेरा



सिखाया था तैरना : शर्मा

गहरा संबंध था। देशभक्त के साथ अच्छे खिलाड़ी व तैराक भी थे,जिन्होंने मुझे आज के चंद्रशेखर स्कूल के मैदान में फुडबाल खेलना व पंचशीलनगर के तालाब में ट्यूब में बांध फेककर तैरना सिखाया था। उनकी शहादत इस माएने में भी यादगार है कि भारत को पाक पर जीत मिली थी। श्री शर्मा बताते हैं कि युद्ध के दौरान देश के फौजियों की सहायता के लिए मनोहर, दुर्गाप्रसाद, कल्पना देशमुख, विजय व मनोज आदि स्कूल के मित्रों ने शिवनाथ तट व बघेला से दातून तोड़ इंदिरा बाजार में बेंचकर 5 सौ रुपए एकत्र अपने स्कूल की मेडम को दिए , जिन्होंने जब यह पैसे कलेक्टर को दिए तो स्कूल में आकर सराहना किए।

## 1971 के भारत-पाक युद्ध में दुर्ग के राजकुमार ने लड़ी थी जंग

71 के युद्ध में शहीद राजकुमार तिवारी का घर दस साल से वीरान और उपेक्षित पड़ा रहा। इसके बाद खंडहर होकर



समतल जगह में बतौर स्मृति एक बबूल का पेड़ खड़ा हुआ उनकी जांबाज देशभक्ति की याद दिला रहा है। जवान बेटे की शहादत से वज्राघात झेलते हुए वे घर को यादों में समेटे रहे लेकिन फिर अपने पैतृक निवास गांव चले गए। सच्चे देशभक्त राजकुमार तिवारी की कुर्बानी को पड़ोसी अब तक नहीं भूले हैं। रिटायर शिक्षिका मीना देशमुख बताती हैं कि हमारा तिवारी परिवार से पारिवारिक रिश्ता था।





फौजी राजकुमार की शहादत बाद उनकी मां 25 साल तक यहीं रहीं। दस साल पूर्व बचे परिजनों के साथ अपने गांव यूपी चली गईं। पंचशील नगर की जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व अधिवक्ता कल्पना देशमुख बताती हैं कि राजकुमार तिवारी नेकदिली व देशभक्ति में हम सबके रोलमांडल थे। उनके पिता कोतवाली थाना दुर्ग में पुलिस में थे और जिनके राजकुमार सहित, रामकुमार व शिवकुमार तिवारी 3 बेटे थे। राजकुमार की पत्नी सुशीला ने अपने देवर शिवकुमार के पुत्र को गोद लिया था।

## विडंबना : शिक्षक नगर के पुत्री शाला को तोड़ने में निगम प्रशासन उतारू

# स्कूल तोड़ने परमिशन मिला नहीं और निगम ने जारी कर दिए वर्कआर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिक्षक नगर स्थित प्राथमिक पुत्री शाला स्कूल को तोडने नगरनिगम द्वारा बडी साजिश रची गई है। स्कूल को तोडने शिक्षा विभाग ने परमिशन ही नही दी है और नगरनिगम द्वारा न सिर्फ टेंडर जारी कर दिए, बल्कि वर्कआर्डर भी जारी कर दिया गया हैं। नगरनिगम के अधिकारी और भाजपा के पार्षद शिक्षा विभाग के डीईओ और बीईओ पर चाबी सौंपने लगातार दबाव बना रहे है। शनिवार को स्कूल में सुबह नगरनिगम के अधिकारी जबरदस्ती चाबी लेने आ धमके थे। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अरूण वोरा सहित पालक संघ भी पहुंचे थे। जहां जमकर बवाल की स्थिति निर्मित हो गई थी।

ऐसी जानकारी मिली है कि, शिक्षा विभाग से परमिशन मिले बगैर ही नगरनिगम ने टेंडर भी जारी कर दिया था। रियासतकाल में गरीब बच्चियों के लिए बने स्कूल को तोडकर नगरनिगम द्वारा यहां पानी टंकी बनाने का टेंडर जारी कर दिया गया है। करीब सवा करोड रूपए से अधिक की लागत में बनने वाले इस टंकी के लिए एतिहासिक स्कूल को तोडने निगम प्रशासन लगातार दबाव बना रहे है। विगत दिनों नगरनिगम आयुक्त ने शिक्षा विभाग के डीईओ अरविंद मिश्रा को एनओसी जारी किए जाने पत्र लिखा था। जिसमें डीईओ ने एनओसी देने से पहले शर्त रखी थी। जिसमें स्कूल तोडने के बाद किस मद और कब तक बनेगा। लेकिन इसकी लिखित जानकारी निगम प्रशासन उपलब्ध नही करा पाई। विगत दिनों लगातार भाजपा के पार्षद स्कूल को तोडने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चाबी सौंपने का दबाव बना रहे है। शनिवार को जब निगम के अधिकारी स्कूल पहुंचे तो बवाल हो गया और पालक संघ और पूर्व विधायक सहित कांग्रेसी नेताओं ने जमकर विरोध किया। जिससे निगम के अधिकारियों को डल्टे पांव लौटना पड गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी स्कूल तोडने के बजाय दूसरा विकल्प तलाश करने की बात कही थी।

### शनिवार को स्कूल में जमकर बवाल, निगम को सौंपी गई चाबी

#### मौखिक आदेश पर सौंपी गई चाबी

बीईओ गोविंद साव ने बताया कि, डीईओ के मौखिक आदेश पर उन्होने चाबी सौंपने स्कूल प्रबंधन को पत्र लिखा था। पूर्व में नगरनिगम आयुक्त द्वारा डीईओ को एनओसी के लिए पत्र लिखा गया था। जिसके जवाब में डीईओ अरविंद मिश्रा ने पूर्व में भी स्कूल तोडने की बात कही थी। वही उन्होने बजट प्रावधान और ड्राईंग डिजाइन उपलब्ध कराने की शर्त रखी थी। निगम अधिकारियों की माने तो डीईओ के मौखिक आदेश पर बीईओ ने निगम प्रशासन को चाबी सौंपी है। इस मामले में निगम द्वारा विभाग से मिले कोई भी पत्र उपलब्ध नही कराई गई।



#### पूर्व पार्षद ने कहा टंकी बनाने पर्याप्त जगह

पुत्री शाला स्कूल को तोडने का विरोध कर रहे पूर्व पार्षद मनीष यादव ने बताया कि, पानी टंकी बनाने के लिए पीछे पर्याप्त जगह है। इस स्कूल को तोडने की जरूरत भी नही पडेगी। उन्होने बताया कि, स्कूल को नही तोडने के लिए उन्होने कलेक्टर और शिक्षा अधिकारी से लेकर निगम कमिश्नर को ज्ञापन दिया है। उन्होने कहा कि इसके बाद भी बात नही बनेगी तो वे शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

#### पहले भी तोड़ चुके स्कूल इसलिए हो रहा विरोध

नगरनिगम दुर्ग द्वारा इससे पहले गंजपारा वार्ड में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को नगरनिगम द्वारा तोडा गया था। स्कूल भवन तोडकर यहां कर्मिशयल काम्पलेक्स बनाने की योजना थी, वही उपर में स्कूल भवन संचालित किया जाना था। यहां के डेढ सौ से अधिक बच्चों को तीन किमी दूर सरदार वल्लभाई पटेल शनिचरी बाजार स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। भवन आज तक नही बने। इसी तरह गया नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में नगरनिगम द्वारा व्यापारियों को लाभ पहुंचाने निगम द्वारा व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया। जिसकी फूटी कौडी भी स्कूल को नही मिलती हैं।

#### वोरा लिखित आदेश दिखाने अड़े रहे

शनिवार को निगम के भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान के साथ भाजपा पार्षद व अमला पहुंचे थे। इधर इसकी जानकारी मिलने के बाद पुत्री शाला के पालकगण पहुंचे थे। जहां उन्होने स्कूल तोडने का विरोध किया। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने शिक्षा विभाग के लिखित परमिशन की कापी भी मांगी, लेकिन उपलब्ध नही कराया गया। वही आप पार्टी के नेता मेहरबान सिंह भी पहुंचे थे।

#### एनओसी मिल चुकी



शिक्षा विभाग ने स्कूल तोडने की अनुमति दे दी है। पानी टंकी बनने के बाद स्कूल बनाने की राशि से लेकर ड्राईंग डिजाइन भी विभाग को सौंपी जा चुकी है, सब नियम के तहत हो रहा हैं। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग नगरनिगम

#### बेहद निंदनीय कार्य



स्कूल वर्ष 1955 से स्कूल बनी हैं, यहां 55 बच्चे जो गरीब वर्ग से अध्यनरत है। टंकी के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन इसे तोडने के फैसले से हम आहत है। इसका पुरजोर विरोध करेगें। यह दुर्ग शहर धरोहर है। **-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

## मामा-भांजा हुए एक पति-पत्नी के बीच सुलह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला न्यायलय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई अगल-अलग प्रकरणों के बीच सुलह कराया गया। जिसमें मामा-भांजा के बरसों लडाई के खत्म कराया गया, वही पति-पत्नियों के बीच मधुर संबंध बनाए रखने सहित अन्य कई प्रकरणों पर सुनवाई की गई।



- कुल 536760 मामले निराकृत

वर्ष 2025 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17993 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 518767 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए। जिनमें कुल समझौता राशि 482540385/- रूपये रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 20, विद्युत के कुल 215 मामले निराकृत हुए। जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 2734771/ रही है। इसी कम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 322 दाण्डिक प्रकरण क्लेम के 44 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 90 चेक अनादरण के 308 मामले, व्यवहार वाद के 51 मामले श्रम न्यायालय के कुल 06 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के कुल 6460 मामले निराकृत हुए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा, तथा किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग, राजस्व न्यायालय दुर्ग, एवं उपभोक्ता फोरम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक पत्रकारिता के क्षेत्र से जिला न्यायालय में उपस्थित मनजीत कौर द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे किया गया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अलावा जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग के सचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बाइक सवार अपने भाई के साथ पावर हाउस जा रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी। हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौके पर मौत हो गई।

- चंद्रा मौर्या टाकीज के सामने हुई घटना

मामले में पुलिस ने शव को मरचूरी सुपेला में रखवा दिया है। शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। सुपेला पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर दुर्गा पारा वार्ड निवासी कुर्बान अली 22 वर्ष अपने बाइक में भाई के साथ अपना काम निपटाकर पावर हाउस जाने के लिए निकला था।



इस दौरान चंद्रा मौर्या टाकिज के पास ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रुप से कुर्बान घायल हो गया। उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पुलिस ने परिजनों को दिया है। पुलिस ने बाइक को पुलिस थाने लेकर आ गई है। बताया जा रहा है कि चंद्रा मौर्या टाकिज के सामने नेशनल हाइवे के पास की घटना है। कुर्बान जेसीबी ऑपरेटर है। नगर निगम में प्राईवेट काम करता था। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है।

गौरतलब हो कि नेशनल हाईवे में लगातार सड़क हादसा होने से दो पहिया वाहन चालकों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। सप्ताहभर में नेशनल हाईवे पर आधा दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का हर्जाना बेगुनाह वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

## जेल प्रशासन ने दिलीप का किया सम्मान

**दुर्ग।** केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा समाज सेवी दिलीप ठाकुर और सीता राम ठाकुर को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति द्वारा केंद्रीय जेल में चिकित्सा सेवा मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य दिशा-निर्देश के परिपेक्ष में जेल सह अधिक्षक डॉ अशोक साव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेड कॉन्स्टेबल गणपत भी मौजूद थे। ज्ञातव्य हो कि ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति के तत्वाधान में चिकित्सा, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सेवा और रचनात्मक कार्य संपादित किया गया।

## अप्रवासियों के खिलाफ पुलिस का चला अभियान

**भिलाई।** अप्रवासियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि शारदापारा छावनी, केएलसी खुर्सीपार, जोन तीन खुर्सीपार में 589 व्यक्तियों का दस्तावेजों की जांच किया गया। इसके अलावा 154 का फिंगर प्रिंट लेकर तैयार डाटाबेस किया जा रहा है। शनिवार की सुबह छावनी के शारदा पारा, खुर्सीपार के के.एल.सी., जोन-3 में किराए से रहने वालों की जानकारी जुटाई गई। बिना सूचना के रह रहे अवैध अप्रवासियों की भी जांच की गई। शारदापारा छावनी में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में



200 व्यक्तियों का आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज जांच किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर यहां लोग किराए का मकान लेकर निवास कर रहें है। जांच के दौरान 70 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए। लिए गए। के.एल.सी. खुर्सीपार में सीएसपी हरीश पाटिल छावनी व जोन 3, खुर्सीपार में डीएसपी हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में 389 नागरिकों का आधार कार्ड दस्तावेजों की जांच की गई। 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट भी लिए गए। बीएसपी ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। लोगों की शिनाख्त के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र आदि चेक किया। कॉस वेरिफिकेशन भी किया गया। कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 144 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए।

#### पुलिस की अपील

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं। किराएदार फार्म नजदीकी थाना चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से जमा करें। जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में ,किराएदार की किसी भी मामलें में शामिल पाए जाने पर मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक गजेन्द्र यादव ने विकास कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देश दिए

# मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्ताव को जल्द शासन को भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 2023-24 और 2024-25 में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज समीक्षा बैठक लेकर सभी काम को समय पर पूरा करने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने इंदिरा मार्केट में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्ताव को जल्द ही शासन को भेजने के निर्देश दिए, वही भूमिपूजन के बाद स्वीकृत कार्यो में तेजी लाने कहा गया।

- स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने कहा

महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित निगम के सभी इंजिनियरों के साथ आयोजित बैठक में प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। मल्टीलेवल पार्किंग, नालंदा परिसर, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में अधिकारियो को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपने कहा गया। समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी निधि से निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लिए। इस दौरान इंजिनियरो ने तकनीकी समस्या अवगत कराने पर अन्य विभागीय अधिकारियो से सामंजस्य बनाकर कार्य कराने निर्देश दिए। भूमिपूजन पश्चात प्रारंभ हो चुके कार्यों में तेजी लाने और जल्द पूर्ण करने कहा, ताकि जनता को सौगात मिल सके। बैठक में राज्य शासन से स्वीकृत लगभग 27 करोड़ के कार्यों के प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगे और बिंदुवार संबंधित अधिकारी और इंजिनियर से चर्चा कर कार्य पूर्ण करने कहा। शहर के प्रमुख इंदिरा मार्केट में पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात पाने मल्टीलेवल पार्किंग के डीपीआर को शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने कहा गया। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



#### नई कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने सर्वे होगा

महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और निगम आयुक्त की टीम के साथ समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने नये बसाहट वाले कॉलोनी और छूटे हुए एरिया में पेयजल पाइपलाइन बिछाने को लेकर जानकारी मांगे, वहीं सर्वे कर विस्तार करने कहा। इसके अलावा डीएमएफ फंड से स्वीकृत कार्य और मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्य में आने वाली रुकावट का निदान कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने कहा

#### शहर के तालाबों का होगा सौन्दर्यीकरण

विधायक श्री यादव ने शासन से स्वीकृत भवन निर्माण, जागिंग ट्रेक, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी सहायक अभियंता से लिए। इसके अलावा दुर्ग निगम क्षेत्र में राज्य शासन से लंबित मांग से संबंधित प्रस्ताव को जल्द तैयार करने कहा ताकि शासन से शहर की जनता की सहुलियत बढ़ाने उन कार्यो को भी स्वीकृति दिलाई जा सके। विधायक गजेन्द्र ने समीक्षा बैठक में दुर्ग शहर विधानसभा के तहत सभी प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण और उद्यानो के विस्तार करने प्रस्ताव तैयार करने कहा ताकी तालाब में आम नागरिक निस्तारी कर सके।

## भुवन चंद्राकर का निधन, अखबार वितरण करने वालों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुनील न्यूज एजेंसी के संचालक भुवनलाल चंद्राकर के निधन पर अखबार वितरण संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रमुख वितरक मौजूद थे।



उन्होंने कहा कि भुवन चंद्राकर के निधन से अखबार वितरण जगह में अपूर्णीय क्षति हुई है। वे पिछले 6 दशक से सक्रिय रहे। उन्होंने 60 साल पहले अखबार वितरण का सुचारू रूप से संचालन करने सुनील न्यूज एजेंसी शुरू की। उनका 9 मई 2025 को निधन हो गया। पूरे दुर्ग शहर में प्रतिदिन 300 हॉकर की टीम से अखबार वितरण का संचालन करते रहे हैं। हर छोटे बड़े मीडिया समूह की प्रतियों को विषम परिस्थितियों में भी घर-घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। उनके निधन से सभी मीडिया समूह ने शोक व्यक्त किया। अखबार वितरण संघ दुर्ग ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में संदीप खेमुका, राजीव कटकवार, बृजलाल मारू, धनीराम साहू, छन्नूलाल सिन्हा, मदन साहू, जमील अहमद, विकास, भीखम देशमुख, लक्ष्मी चौधरी, परमेश्वर राजपूत सहित सभी प्रमुख एजेंटे मौजूद थे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांलि दी।

04



गर्मियों का जलवा


लाइव इवेंट

## सेना के सम्मान में सिविक सेंटर में कलाकार आज बनाएंगे 100 मीटर की पेंटिंग



**भिलाई।** भारतीय सेना के सम्मान में रविवार 11 मई को शाम 6 से 7:30 बजे तक सिविक सेंटर कृष्ण-अर्जुन रथ परिसर में भिलाई, दुर्ग, खैरागढ़ के समस्त कलाकार पेन्टिंग बनाएंगे। तिरंगा लहराकर देशभक्ति के नारे लगाएंगे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हरकत का जवाब देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में संचालित आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर दिया है। इससे देश में युद्ध की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए कलाकार 100 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण करेंगे। इसमें सेना के शूरवीरो के पराक्रम को प्रदर्शित किया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकार शिरकत करके सेना की शौर्यगाथा को अपनी तूलिका से प्रदर्शित करेंगे। ललित कला अकादमी नई दिल्ली के बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने कलाकारों तथा आम जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आएं और एक तिरंगा झंडा जरूर साथ लायें।

सिटी इवेंट

## बुद्ध पूर्णिमा पर सुबह धम्म देशना, शाम को कैंडल मार्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी होंगे सम्मानित



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। भंते दीठ्ठि विशुद्धि के सानिध्य और संस्था के उपाध्यक्ष विनोद वासनिक की अध्यक्षता में यह आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे पूज्य भंते द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा वंदना होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे धम्म देशना ( धम्म प्रवचन) होगा। तत्पश्चात डॉ. आंबेडकर जयंती के अवसर पर जिन प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा खीर- पूड़ी का वितरण किया जाएगा। शाम 6 बजे के कार्यक्रम में कैंडल रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, युवा प्रकोष्ट, महिला प्रकोष्ट, सलाहकार मंडल, बुद्ध व आंबेडकर अनुयायी और गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धम्म लाभ लेने की संस्था द्वारा अपील की जाती है। यह जानकारी महासचिव रामराव ढोक ने दी। अखिल भारतीय बुद्धगया महाबोधी मुक्ति आंदोलन समिति के माध्यम से बोधगया में तीन दिवसीय बुद्ध महासम्मेलन आयोजित है। 11, 12, 13 को यह कार्यक्रम होगा। समिति के महासचिव एसडी बौद्ध ने बताया कि बैसाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध उद्गम स्थान बोधगया में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में जापान, थाइलैंड, श्रीलंका, तिब्बत सहित अन्य देशों के बौद्ध उपासक शामिल होंगे।

सिटी इवेंट

## केंद्रीय जेल दुर्ग ने दिलीप और सीताराम को किया सम्मानित



**दुर्ग।** केंद्रीय जेल प्रशासन ने समाजसेवी दिलीप ठाकुर और सीता राम ठाकुर सम्मानित किया। नगर की ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति द्वारा केंद्रीय जेल में चिकित्सा सेवा मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य दिशा निर्देश के परिप्रेक्ष्य में ओम सत्यम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर और सचिव दिलीप ठाकुर को यह सम्मान प्रदान किया गया। जेल सह अधीक्षक डॉ. अशोक साव ने दोनों की अनवरत सेवा को देखते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेड कॉन्सटेबल गणपत भी उपस्थित थे। समिति पिछले 30 वर्षों से चिकित्सा, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक सेवा और रचनात्मक कार्य कर रही है। चिकित्सा सेवा में मनोरोग, दंत रोग, नेत्र रोग उल्लेखनीय है।

## दीपक और गरिमा ने स्कूल का नाम रौशन किया





**भिलाई।** राम नगर उरला दुर्ग निवासी संपत पाल के सुपुत्र व सुपुत्री कक्षा बराहवीं में दीपक पाल ने 88.87 प्रतिशत और दसवीं में गरिमा पाल ने 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रौशन किया है। दोनों हायर सेकंडरी स्कूल उरला में पढ़ाई करते है। इनकी माता गृहणी कल्याणी पाल है।

महाराणा प्रताप की जयंती पर प्रतिमा को बग्गी में सवार कर नगर भ्रमण कराया, जुटा राजपूत समाज

# महाराणा प्रताप में हार न मानने का जज्बा था, उनके जीवन से लें सबक, राजपूतों ने शौर्य प्रदर्शन के साथ निकाली शोभायात्रा

राजपूत क्षत्रिय चेतना विकास संघ ने वीर महाराणा प्रताप की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली। समाज के लोगों ने उनके जीवन दर्शन का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप राजपूत समाज और पूरे देश के लिए मिसाल हैं। उनमें हर न मानने का जज्बा था। उनके जीवन से बच्चे, युवा सहित हम सभी को सबक लेने की जरुरत है। इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा अग्रसेन चौक से शुरू हुई। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप के तैल्यचित्र को एक सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। इसके अलावा अन्य झाकियां, घोड़े-बग्गी, धुमाल व शौर्य प्रदर्शन शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहे।



**दुर्ग।** ग्रीन चौक से यह शोभायात्रा अग्रसेन चौक, हरनाबांधा, पोलसायपारा, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा रास्तेभर जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा में जय महाराणा व जय राजपूताना के जयकारे गुंजायमान रहा। शोभायात्रा से पहले मंचीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार अतिथि के रूप में शामिल हुए। संघ के अध्यक्ष जगरूप सिंह परिहार, संरक्षक गोपाल सिंह पवार, अजय सिंह, शिवेन्द्र परिहार, क्षत्रिय कल्याण महासभा भिलाई अध्यक्ष अजीत सिंह, हरनारायण सिंह सहित अन्य मौजूद थे। जगरूप सिंह परिहार ने संस्था के कार्यों व गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपने साथ दलितों, भीलों और वंचितों को रखा और उन सैनिकों के दम पर अकबर की सेना के छक्के छुड़ा दिए। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से योद्धा रहा है। महाराणा प्रताप ऐसे राजा थे, जिन्होंने अपनी वीरता से अकबर के पसीने छुड़ा दिए थे। महापौर अलका बाघमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### 18 जून 1576 का वह दिन आज भी लोगों को भुलाए नहीं भूलता



बात है कि 18 जून 1576 की। हजारों सालों से कई युद्धों की साक्षी रही भारत की सबसे प्राचीन अरावली पर्वत श्रृंखला। इन्हीं पर्वतों के बीच उदयपुर से 40 किमी दूर अपने हल्दी जैसे पीले रंग की मिट्टी के कारण पहचानी जाने वाली हल्दी घाटी का मैदान। सूर्योदय के तीन घंटे बाद मानसिंह के नेतृत्व में मेवाड़ पर अधिकार करने आई मुगल सेना को रोकने के लिए मेवाड़ के महाराणा प्रताप की सेना ने हमला कर दिया। शाम का समय महाराणा प्रताप युद्ध के कोलाहल में अपने घोड़े चेतक पर तेजी से मानसिंह के हाथी की ओर बढ़े जा रहे थे। चेतक के मुंह पर हाथियों के तरह की नकली सूंड बांधी गई थी। सब कुछ बहुत तेजी से घट रहा था। हाथी के नजदीक पहुंचने पर चेतक के दो पांव हाथी के मस्तक पर लेकिन किस्मत का खेल महाराणा प्रताप द्वारा मानसिंह पर फेंका गया भाला कुछ इंच दूर से निकल गया। हाथी के सूंड में बंधी तलवार से चेतक के दोनों पैर जख्मी हो गए, फिर भी वह सवार को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए सरपट दौड़ता रहा।

### महाराणा प्रताप के जीवन से तीन बड़े सबक जानिए

समाज के शिवेंद्र परिहार ने बताया कि महाराणा प्रताप के जीवन के कुछ अनसुने-अनजाने किस्सों से स्कूली बच्चों और हम सब के जीवन के लिए सबक लेना चाहिए। उनके तीन सबके सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। पहला रणनीतिक फैसले हमेशा सोच-समझकर लिए जाने चाहिए, ये जब गलत होते हैं, तो बहुत भारी पड़ते हैं। दूसरा जमीन पर अपने लोगों से जुड़े रहना ही सफलता का रहस्य है। असली बहादुरी आंतरिक होती है, बाहरी नहीं। यह स्पष्ट है कि आप अपने आपको अंदर से मजबूत बनाए, आत्मचिंतन करें। यद मन मजबूत होगा, तो कठिन से कठिन डगर भी सहझ हो जाएगी।



## शंकराचार्य यूनिवर्सिटी में छात्रों के लिए अनूठा कार्यक्रम इगनाईटेड का आयोजन 14 मई को



**भिलाई।** देश के जाने माने कैरियर मार्गदर्शक तरणबीर सिंह, आकाश अग्रवाल और ईशा झवर करियर गाइडेंस देंगे। 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स कौन सा कोर्स करें इसकी जानकारी देंगे। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी छात्रों के लिए इगनाईटेड नाम से यह कार्यक्रम 14 मई को आयोजित किया जा रहा है। शंकराचार्य यूनिवर्सिटी की कुलसचिव स्मिता सेलट ने बताया कि इस कार्यक्रम को कराने का उद्द्देश्य छात्र और उनके पालक को अवेयर करना है। उन्हें बताना है कि बच्चे को कौन सा कोर्स कराया जाये, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। सेलट ने बताया कि हमारे यूनिवर्सिटी के छात्रों को बहुत अच्छे माहौल में एजुकेशन दी जाती है। कोऑर्डिनेटर मोहनलाल वर्मा और डॉ. समता देशपांडे ने बताया कि छात्रो के लिए इस संबंध में एक क्विज भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दो राउंड होंगे। पहले राउण्ड में जो बाजी मारेंगे, उसमें से चयन कर चार टीम बनाई जायेगी। उसमें क्विज प्रतियोगिता होगी। प्रथम आने वाले को 11 हजार और द्वितीय आने वाले को 8 हजार रुपये उपहार स्वरूप दिए जाएंगे। इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस कार्यक्रम में कई सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इसे लेकर आयोजित बैठक में डॉ. समिता सिलोट, एमएल वर्मा, डॉ. मोनिका श्रीवास्तव, विनय पीताम्बरम, डॉ. संतोष मिश्रा सहायक प्रोफेसर, डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।

## दीक्षा राव का भारतीय खेल प्राधिकरण खेल प्रशिक्षण के लिए चयन

**भिलाई।** शांति पारा केम्प 1 निवासी उदय भास्कर की 13 वर्षीय पुत्री दीक्षा राव का चयन ताईकांडो खेल विधा की आवासीय योजना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण खेल प्रशिक्षण केन्द्र धार भोपाल में हुआ है। दीक्षा राव ताईकांडो खेल में अनेक राष्ट्रीय स्पर्धा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर चुकी है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा उन्हें निःशुल्क आवासीय खेल प्रशिक्षण हेतु चयनित होने पर बहुत-बहुत बधाई दी गई। ताईकांडो खेल के प्रशिक्षण मिन्टू साव ने दीक्षा को प्रशिक्षित किया है। भिलाई शहर के ताईकांडो खेल में चयन होने से अन्य खिलाड़ियों का भी हौसला बढ़ा है।



गीत वितान कला केंद्र ने रुआबांधा सेक्टर में मनाई 164वीं जयंती, बीएसपी अधिकारी हुए शामिल

# रवींद्रनाथ की जयंती पर छात्रों ने दी रवींद्र संगीत की प्रस्तुति, रचित कविताओं के पाठ ने किया भावविभोर, जीवन-दर्शन पर रखे विचार

कार्नर न्यूज

गीत वितान कला केंद्र की ओर से गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की 164 वीं जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गीत वितान भवन, रूआबांधा सेक्टर में कार्यक्रम हुए। इस आयोजन में विशेष रूप से बीएसपी अधिकारी सौमिक डे, प्रभंजय चतुर्वेदी, उज्ज्वल दत्ता, कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ से शक्ति चक्रवर्ती, बबलू विश्वास तथा बंगीय साहित्य संस्था भिलाई से गोविंद पाल, बानी चक्रवर्ती, मीता दास एवं स्मृति दत्ता सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत गीत वितान के गायन छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रवींद्र संगीत से हुई। इसके बाद जॉली सेन एवं सुपर्णा चक्रवर्ती ने गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की रचित कविताओं का सजीव पाठ किया। इस अवसर पर विभिन्न लेखकों एवं कवियों द्वारा गुरुदेव के उद्देश्यों एवं जीवन-दर्शन पर आधारित लेख व काव्य-पाठ प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का स्वागत भाषण गीत वितान के उपाध्यक्ष सोमेन कुंडु ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप कुमार मित्रा ने किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी रचना श्रीवास्तव ने संभाली।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में गुरुदेव की प्रमुख रचनाओं एवं उनके विचारों पर भी विशेष प्रकाश डाला गया, जिसे कुमारी कृति भादुड़ी ने प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। यह आयोजन गुरुदेव के साहित्य, संगीत और दर्शन को समर्पित एक भावपूर्ण सांस्कृतिक संध्या के रूप में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में सरसिज घोष, मनोज कुमार ठाकरे, दिनेश सिन्हा, हर्ष साहू, प्रेमचंद साहू, चंद्रा बनर्जी, प्रशांत क्षीरसागर, नरेंद्र राठौड़ एवं किशोर कनोजे प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### प्राकृतिक सौंदर्य के बीच कार्यक्रमों का आयोजन

रुआबांधा में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गीत-वितान कला केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बांग्ला तिथि के अनुसार गुरुदेव ठाकुर की जयंती पर याद करते हुए समूह गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इसके बाद गुरुदेव रविंद्रनाथ से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले क्रम में एकल गीत, समूह गीत, कविता पाठ, बच्चों के नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं रविंद्रनाथ ठाकुर की जीवनी के बारे में भी बताया गया। आखिर में रविंद्रनाथ की कविता पढ़ी गई। खुले आसमान के नीचे आयोजित कार्यक्रम की दर्शकों ने सराहना की।



## सिटी इवेंट

### गर्मी में बस्तियों में किया घड़ों का वितरण, मिलेगा ठंडा पानी



**भिलाई।** उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था रुआबांधा के तत्वावधान में गर्मी को ध्यान में रखते हुए रुआंबाधा स्लम बस्ती में परशुराम जयंती मनाई गई। इस दौरान बस्ती में सेवाकार्य का विस्तार करते हुए लोगो को ठंडे पानी के लिए मटके का वितरण किया गया। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में मिट्टी के घड़े पाकर बस्ती वासियों के चेहरों में खुशी की चमक दिखाई दी। । संस्था की अध्यक्ष शानू मोहनन ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा हर साल गर्मी में मटके का वितरण, चौक-चौराहों में शर्बत व छाछ का वितरण, स्टेशन और दूरस्त क्षेत्रों में जरुरत के सामानों का वितरण जैसे अनेक सेवाकार्य समय-समय पर किये जाते रहते है। इस सामाजिक कार्य में संस्था की सदस्य अभिलाषा मिश्रा और विजय लक्ष्मी उपस्थित थी।

## सिटी इवेंट

### पर्यावरण व स्वच्छता के महत्व को बताने जागरुकता रैली आज



**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जन-जागरूकता फैलाने के लिए जीवनदान सेवा संस्था द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन आज शाम 5 बजे से मोन्यूमेंट पार्क सिविक सेंटर में किया जाएगा। यह रैली समाज को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण के प्रति प्रेरित करने के लिए समर्पित रहेगा। रैली की शुरुआत शाम 5 बजे होगी। जो सिविक सेंटर के आसपास से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। जिसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। रैली के दौरान स्लोगन, बैनर एवं नारों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जाएगा। संस्था अध्यक्ष मनीष सोनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन की क्रिया नहीं, बल्कि यह सतत प्रयासों की मांग करता है। रैली के माध्यम से हम सभी को यह संदेश देना चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ पृथ्वी देना हमारी जिम्मेदारी है। इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के आम नागरिक शामिल हो सकते है।

■ जीवनदान सेवा संस्था द्वारा सिविक सेंटर में शाम 5 बजे से आयोजन

## समाज इवेंट

### ईद मिलन में सम्मानित हुईं कमेटियां, याद किए गए पहलगाम हमले के दिवंगत



**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के समाजसेवी संगठन हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी की ओर से ईद मिलन का आयोजन सेक्टर 6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में किया गया। आयोजन की शुरुआत में कश्मीर पहलगाम में आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए मोमबत्ती रोशन कर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहर में मुस्लिम महिलाओं की दरूद कमेटियों में सेक्टर 1,सेक्टर 2, सेक्टर-7, सेक्टर 8 और हुडको, अल.मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी. प्रगति नगर. वीआईपी नगर, फरीद नगर और कोहका कमेटियों के कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।उपस्थितजनों ने भविष्य में कमेटियों से जुड़े रहने और हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि औद्योगिक तीर्थ की पहचान भिलाई की मुस्लिम महिलाओं का यह पहला गैर सरकारी संगठन है जो सर्व समाज के गरीब तबके के लोगों तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कमेटियो ने बीबी फातिमा जोहरा कमेटी की दिल से तारीफ की और सम्मान के लिए शुक्रिया अदा किया। इस दौरान रिटायर पुलिस अफसर प्रभा राव और सामाजिक कार्यकर्ता स्नेह गिरी भी विशेष रुप से आमंत्रित थी। आयोजन में नसीम सुल्ताना. शाहीन खान, कौसर खान, रजिया बेगम, अक्सा अली, जकिया, शबनम खान. शमीम अशरफी, शबनम, अली सईदा, जरीना. रख्शंदा, अकीला शाहीन निज़ामी, अज़रा बेगम. सीमा, रेहाना और समीरा, रुखसाना हारून आयशा बेगम, और समरा सहित अन्य लोगो ने शिरकत की।



● मदर्स डे सेलिब्रेशन एक्ट में दिखाई मां की ममता

# मां का प्यार दुनिया का सबसे अनमोल उपहार, बच्चों ने मम्मी का फूल देकर किया वेलकम, नाटक देख छलके आंसू

**भिलाई।** मां शब्द में ही एक अद्भुत शक्ति है। मां वो है जो हमें जन्म देती है, हमारा पालन-पोषण करती है, और हर मुश्किल में हमारा साथ देती है। मां का प्यार दुनिया का सबसे अनमोल प्यार होता है। मां और बेटी के बीच नाजुक संबंधों पर आधारित नाटक को देखकर माताओं के आंसू छलक उठे, तो वही नन्हें बच्चों की नटखट अदाओं पर मेरी मां गीत पर डांस देखकर भाव-विभोर उठे। शनिवार को यह नजारा मदर्स डे प्री सेलिब्रेशन के अवसर पर दिखाई दिया। जहां स्कूल के बच्चों ने माताओं को फूल देकर वेलकम किया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स शनिवार को मदर्स डे सेलिब्रेशन किया गया। कार्यक्रम में पहुंची माताओं को बच्चों ने गुलाब का फूल भेंट करते हुए वेलकम मां कह कर स्वागत किया। स्कूल की टीचर्स ने मां और बेटी के बीच नाजुक संबंधों को लेकर एक एक्ट भी प्रस्तुत किया जिसे सभी ने सराहा। वीडियो और फोटो के माध्यम से मां, बेटी और दादी के बीच रिश्तों को दिखाया गया जिसे देख लोग भावुक हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रिंसिपल विभा झा, एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा सहित कार्यक्रम में पहुंची माताओं ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल विभा झा ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपनी मां के प्रति कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त करते हैं। मां शब्द में ही एक अद्भुत शक्ति है। मां वो है जो हमें जन्म देती है, हमारा पालन-पोषण करती है, और हर मुश्किल में हमारा साथ देती है। मां का प्यार दुनिया का सबसे अनमोल प्यार होता है। इसलिए मां का सम्मान सिर्फ एक दिन बल्कि पूरे वर्ष होना चाहिए।






### नाटक में दिखाया मां-बेटी के रिश्ते

कार्यक्रम के दौरान मां और बेटी के बीच संबंधों को लेकर टीचर्स ने मंच पर एक प्रभावी एक्ट प्रस्तुत किया। इस एक्ट में टीचर्स ने दिखाया कि आर्थिक अभाव के चलते एक मां किस तरह अपने परिवार और बच्चों को संभालती है। इस एक्ट का देख माताएं भाव विभोर हो गई। इसके पश्चात मां बेटी और दादी के बीच संबंधों को लेकर वीडियो और फोटो के माध्यम से कुछ ऐसे भावुक पल दिखाए गए कि लोगों की आंखों में आंसू आ गए, कुछ माताएं रो पड़ीं। इस एक्ट में टीचर्स अनन्या पांडे, लिंगला शैलटा, खुशप्रीत, निकिता सिंह, प्राजंलि यादव, आरती यादव, मनप्रीत कौर और स्टूडेंट युविका चौरसिया ने अपनी प्रभावी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में माताओं से सवाल भी किए गए कि वह अपने बच्चों को कुछ विशेष परिस्थितियों में किस तरह संभालती हैं। माताओं ने अपने खट्टे मीठे अनुभव सुनाए कार्यक्रम के अंत में केक काटा गया और सभी माताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। केएच थीम सॉन्ग के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






### डांस देखकर माताएं हुई भावुक

इस दौरान समर कैंप में प्रशिक्षण लेने वाले स्टूडेंट्स ने मेरी मां सॉन्ग पर डांस किया। डांस के बीच में ही स्टूडेंट्स अपनी मां की और बढ़े और उन्हें किस भी किया। माताओं ने भी अपने बच्चों को गले से लगा लिया। डांस में अरहाम, एकरा नसीम, युविका चौरसिया, कायरा कौर, रिद्धिमा मानिकपुरी, एलिस्का चौधरी, विक्की कुमार साव और बद्रीनाथ ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा ने सभी माताओं का स्वागत करते हुए कहा कि इतने बिजी रहने के बाद भी वह स्कूल में पहुंचे है उन्होंने कहा कि मां के बिना हम कुछ नहीं और अपने जीवन में कुछ कर नहीं सकते। मां का साथ जीवन भर जरूरी है इसलिए मन का हमेशा सम्मान करें।



### ग्रैंड मदर बनीं प्रिंसिपल डॉ. विभा

कार्यक्रम में एंकरिंग कर रहे दो नन्हे स्टूडेंट्स क्लास- 2 की उक्तिका महानंद और क्लास -3 की अमृत कौर ने बताया कि आज की स्पेशल पर्सन है हमारी ग्रेंड मां, तो सब आश्चर्य में पड़ गए। ग्रेंड मां कौन है इसे लेकर सभी एक दूसरे का मुंह देखने लगे। जब बच्चों ने बताया कि हमारी ग्रेंड मां है स्कूल की प्रिंसिपल मेडम। तो तालियों से सभी ने प्रिंसिपल का स्वागत किया।



## आध्यात्मिक प्रवचन...

### महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद व श्राप दोनों नहीं देते, ईश्वर तत्व को जानने रहे जिज्ञासु: धामेश्वरी देवी





**भिलाई।** जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण जुनवानी भिलाई में चल रही 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन बताया कि उस ईश्वर तत्व को जानने के लिए श्रत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है, जिसके शरणागत होकर, सेवापूर्वक जिज्ञासु बनकर ही परमतत्व का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। धामेश्वरी देवी ने बताया कि ग्रंथों और लोक में भी तीन शब्द पढ़ने-सुनने में आते हैं। एक पुरुष, दूसरा महापुरुष, तीसरा परमपुरुष। जिस पुरुष या जीवात्मा ने परमपुरुष या परमात्मा को जान लिया, देख लिया, उसमें प्रविष्ट हो चुका हो, वही महापुरुष या महात्मा है। भावार्थ यह कि ईश्वर-प्राप्त जीव को ही महापुरुष कहते हैं। दो प्रकार के महापुरुष प्राप्त होते हैं। पहला जिनको ईश्वर का वास्तविक ज्ञान, दर्शन आदि अनुभव हो एवं बाहर भी उसी रूप में दिखते हो। ऐसे महापुरुष को पहचानना सरल है। दूसरे महापुरुष जो भीतर से तो वास्तव में ही महापुरुष होते हैं किंतु बाह्य व्यवहार में सांसारिक से दिखते हैं ऐसे महापुरुष को पहचाना अति कठिन होता है। जो महापुरुष अनादिकाल से मायातीत ही रहे, कभी मायाधीन नहीं थे। उन्हें ईश्वर का परिकर, पार्षद आदि कहते हैं। दूसरे वे जो अनादिकाल से मायाधीन रहे हैं, किन्तु किसी गुरु की शरण में जाकर उनके द्वारा निर्दिष्ट पथ पर चलकर अनंत काल के लिए वे भी महापुरुष हो गए हैं।

महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद नहीं देता एवं श्राप भी नहीं देता। महापुरुष को पहचानने का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि महापुरुष के दर्शन सत्संग आदि से ईश्वर में स्वाभाविक रूप से मन लगने लगता है। दूसरा प्रत्यक्ष लाभ यह होता है कि साधक की साधना पथ की क्रियात्मक गुत्थियां होती हैं, उन्हें वह सुलझाने का कार्य करता है। तीसरा प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि वास्तविक महापुरुष की वें क्रियात्मक अवस्थाएं जो समय-समय पर बहिरंग रूप से गोचर होती है उन्हें देखकर साधक को स्वाभाविक उत्साह एवं भगवदीय उत्तेजना मिलती है। प्रेमास्पद भगवान् के नाम, गुण, लीला आदि के स्मरण कीर्तन आदि से वह प्रेम बाहर छलक पड़ता है। जिसे हम सात्विक भाव के रूप में देखते हैं। प्रवचन का अंत श्री राधा कृष्ण भगवान् की आरती के साथ हुआ। प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 14 मई तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक हो रहा है।

प्रशिक्षक दे रहे सकारात्मक जीवन मूल्यों की शिक्षा

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे हैं नैतिक मूल्य और जीवन जीने की कला




**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रिसाली द्वारा गर्मी की छुट्टी को सदुपयोग करने बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है। जहां बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास प्रशिक्षकों दवरा किया जा रहा है। कैंप में बच्चें नैतिक शिक्षा, सद्गुणों का विकास और सकारात्मक जीवन मूल्यों की शिक्षा सहित पर्यावरण सहेजने के दायित्व सीख रहे है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मे यह आयोजन रिसाली स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में एक विशेष समर कैंप का आयोजन बच्चों के लिए किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चें उत्साहपूर्वक भाग ले कर अपनी क्रिएटीविटी दिखा रहे है। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिक शिक्षा, सद्गुणों का विकास, और सकारात्मक जीवन मूल्यों की शिक्षा देना है। समर कैंप में ब्रह्माकुमारी पूजा बहन ने बच्चों को अच्छे कर्म करना, बड़ों का सम्मान करना, आपस में सहयोग करना, राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेंदारी, गर्मियों में पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने जैसे जीवनोपयोगी पाठ सिखाये जा रहे है। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता-पिता, शिक्षक और परमात्मा शिव के प्रति रंग-बिरंगे वैल्यू ग्रीटिंग काड्र्स बनाकर अपनी सच्ची निश्चल भावनाओं द्वारा अपने विचार, सद्गुण और प्रेरणादायक संदेश लिखे। इसके साथ ही वेस्ट से बेस्ट बनाने की कला के अंतर्गत बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से सुंदर चीज़ें बनाना सीखा, जिससे उनमें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत हुई।



श्री सांईनाथ जन सेवा समिति की जी.सुधा और के.लावण्या ने की सराहनीय पहल

# महिला रक्तदाताओं ने रक्तदान कर निभाया अपना सामाजिक दायित्व, गंभीर मरीज को मिला जीवनदान



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री सांई नाथ जन सेवा समिति की महिला रक्तदाताओं के द्वारा रक्तदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। पिछले दिनों हास्पीटल में भर्ती एक मरीज को खून की जरुरत होने की जानकारी समिति की महिलाओं को मिलते ही खुद रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। जिससे परिवार वालों के चेहरों में खुशी दिखाई दी। श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के महिला रक्तदाता जी. सुधा और के. लावण्या ने अपना बहुमूल्य ब्लड भिलाई नर्सिंग होम सुपेला और सांई कृपा हॉस्पिटल केम्प-1 भिलाई में भर्ती मरीजों के लिए रक्तदान कर अनजान मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।



### रक्तदान से गंभीर मरीज को मिला जीवनदान

मरीज के घर वाले रक्त के लिए इधर उधर भटकने लगे थे, उसी समय इसकी सूचना जैसे ही श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के महिला सदस्य जी. सुधा व के. लावण्या को मिली वे तुरंत सन्ना ब्लड बैंक पंहुचे और रक्तदाता जी. सुधा व लावण्या ने रक्तदान कर पेसेंट को जीवनदान दिया। जिससे मरीज का ऑपेरशन सफलतापूर्वक किया जा सका।

### समिति के सेवा कार्य से जुड़े अन्य सेवाभावी

ब्लड मिलने पर पेसेंट के घरवालो ने रक्तदाता जी. सुधा और के. लावण्या व श्री सांई नाथ जन सेवा का आभार व्यक्त किया। वही समिति के कार्यो को देखकर पेसेंट के अटेंडर भी समिति के साथ जुड़कर भविष्य में असहाय और जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने का वचन दिया। संस्था के अध्यक्ष जी. माधव ने कहा कि रक्तदान से किसी प्रकार की शारीरिक क्षति भी नही होती है। इस मौके पर भीषण गर्मी में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के द्वारा आभार व्यक्त किया। साथ ही सन्ना ब्लड बैंक के द्वारा महिला रक्तदाताओ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था में महिला रक्तदाता पार्वती, जी. राजेश्वरी, प्रीति, सुष्मिता, इंदु, प्रमिला पंडित, सीमा वर्मा, अंकु, पूजा, डिलेश्वरी, रितु, जी. सुधा, लावण्या, यमुना दलाई, निर्मला यादव आदि के द्वारा समय समय पर निरंतर रक्तदान किया जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्टेट पिकलबाल टूर्नामेंट में 60 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल संघ द्वारा टर्फ 71 लक्की डबल्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे लगभग 60 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है। अपनी तरह की पहली इस प्रतियोगिता में लक्की ड्रा सिस्टम से डबल्स पार्टनर का चयन हुआ।

इस प्रतियोगिता में लक्की मेंस डबल्स, लक्की वुमेंस डबल्स, एवं लक्की मिक्स डबल्स की प्रतियोगिता होंगी। टर्फ सेवनटी वन पिक्लबॉल क्लब में आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेश के सभी नेशनल व इंटरनेशनल खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिसमे नेशनल चेम्पियन शिल्पी, रीना, एवं भावना है। इंटरनेशन अंडर 14 प्लेयर आरिश आगा चौबे, लुकेश नेताम, मोनेश प्रेम, अजय, हेनरी, रोहिन, राधेश्याम तांडी, वरुण, नेशनल रंनर्स अप एवं वियतनाम जाने वाली इंडियन टीम की सदस्य संस्कृति तायल, आरिश सहित पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन हैमिका जिंदल के साथ सबसे कम आयु 9 वर्ष की आद्या अग्रवाल भी शामिल है। यह जानकारी छ्ग पिक्लबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

### रग्बी खिलाड़ी गोमती खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बिहार रवाना

**रायपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स पटना में आयोजित हो रहा है। स्पर्धा में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा, बेमेतरा की रग्बी खिलाड़ी गोमती यादव का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। छत्तीसगढ़ की टीम कोच लोकेश्वर् राव के मार्गदर्शन मे पटना (बिहार) के लिए रवाना हो गए है। बिहार की राजधानी पटना मे भारत सरकार के खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों इंडिया यूथ गेम्स का 4 से 15 मई तक आयोजित हो रहा है। खिलाड़ी के चयन पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा, श्रीमति क्षिप्रा सरकार, रामेश्वरी साहू व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर ग्राम हसदा के संध्या परगनिहा, बलिराम धीवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा,अभिषेक, करण, आदित्य कृष्णा, ताकेश्वर्, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर और संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने भी हर्ष जताया है।



### खेलों इण्डिया वेटलिफ्टिंग में रेहान और रूसना चयनित



**रायपुर।** बिहार में आयोजित खेलों इण्डिया यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग खेल में छत्तीसगढ़ से दो वेटलिफ्टर खिलाड़ी का चयन हुआ है। कोच अजय लोहार ने बताया कि स्पर्धा में रेहान खान 89 किलो भार वर्ग और रुसना फरीन +81 भार वर्ग में प्रदर्शन करेंगे। इनका चयन हाल ही में हुऐ मणिपुर इंफाल में आल इंडिया नेशनल स्कूल गेम्स से हुआ हैं। इनके चयन पर राजनांदगांव ज़िला प्रशासन, दिग्विजय स्टेडियम समिति, जय भवानी व्यायाम शाला, ज़िला वेटलिफ्टिंग संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, कोषाध्यक्ष बसंत मेंगी, वेटलिफ्टिंग कोच अजय लोहार, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर जगदीश विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव एवं संघ के समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

### अंडर-13 जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा में विवान बने चैंपियन

**रायपुर।** जिला शतरंज संघ की ओर से अंडर 13 जिला स्तरीय स्पर्धा आयोजित किया गया। जिसमे शुद्ध योग केंद्र बिलासपुर के नियमित योग अभ्यास करने वाले विवान दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुद्ध योग संसथान की संचालिका डॉ मोनिका पाठक ने खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर योग क्रिया त्राटक की अहम भूमिका बताई। नियमित योग और त्राटक पद्धति से हासिल एकग्रता ने विवान को प्रतियोगिता में सफलता दिलाई।



## इस मौसम में सोच समझ कर खाएं

# गर्मी के मौसम में खानपान पर बरतें खास एहतियात इन दिनों बढ़ जाता है फूड पॉइजनिंग का खतरा

अक्सर लोगों को गर्मी के मौसम में फूड पॉइजनिंग का सामना करना पड़ता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि आखिर गर्मी के दिनों में फूड पॉइजनिंग के मामले क्यों तेजी से बढ़ने लगते हैं और साथ ही ये भी जानेंगे के इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? गर्मी के मौसम में फूड पॉइजनिंग की समस्या बहुत आम हो जाती है। इससे परेशान होकर बहुत से लोग खूब ढेर सारी दवाइयां खाते हैं। कई बार फूड पॉइजनिंग गंभीर रूप ले लेती है, जिससे स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि रोगी को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर गर्मियों में फूड पॉइजनिंग की समस्या क्यों इतनी तेजी से बढ़ने लगती है? आइए जानते हैं।

दरअसल, गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ता है, तो भोजन और पानी में हानिकारक बैक्टीरिया और रोगाणुओं के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनती जाती हैं। ऐसे में आपने देखा होगा कि गर्मियों में भोजन जल्द ही खराब होने लगता है (या 'जल्दी दुर्गंध आने लगती है')। यही वजह है कि गर्मियों में फूड पॉइजनिंग के मामले काफी बढ़ जाते हैं।

फूड पॉइजनिंग होने पर अक्सर लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसी परेशान करने वाली दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये लक्षण



आमतौर पर दूषित या बासी भोजन का सेवन करने के बाद सामने आते हैं। यह एक ऐसी समस्या है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है, और इसकी गंभीरता काफी हद तक व्यक्ति की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता पर भी निर्भर करती है। आइए इस लेख में फूड पॉइजनिंग के बारे में से जानते हैं।

### गर्मियों में क्यों बढ़ जाता है फूड पॉइजनिंग का खतरा?



गर्मियों में तापमान बढ़ने से भोजन में मौजूद बैक्टीरिया बहुत तेजी से बढ़ते हैं। ठंडे तापमान में निष्क्रिय रहने वाले बैक्टीरिया गर्मी पाकर सक्रिय हो जाते हैं और तेजी से अपनी संख्या बढ़ाते हैं, जिससे भोजन जल्दी खराब हो जाता है। यही कारण है कि गर्मी में थोड़ी देर बाहर रखा ताजा भोजन भी जल्दी दूषित हो सकता है, जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनता है। कई बार ताजा भोजन खाने के बाद भी फूड पॉइजनिंग हो जाता है, इसका भी सबसे बड़ा कारण यही है कि गर्मी के दिनों में पेट में बैक्टीरिया को पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिलती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स गर्मी के दिनों में हल्का और सुपाच्य भोजन करने और ओवरइटिंग से बचने की सलाह देते हैं।

### फूड पॉइजनिंग के लक्षण?

फूड पॉइजनिंग के लक्षण भोजन खाने के कुछ घंटों बाद दिखते हैं। सबसे आम लक्षणों में मतली (जी मिचलाना), उल्टी और दस्त शामिल हैं। इसके अलावा, पेट में तेज दर्द और ऐंठन, हल्का बुखार, कमजोरी और सिरदर्द भी महसूस हो सकता है।

ऐसे में सवाल उठता है कि गर्मी के मौसम में ऐसी क्या सावधानियां बरती जाएं जिससे फूड पॉइजनिंग के खतरे को कम किया जा सकता है?



विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी के दिनों में ताजा भोजन करें और बचे हुए भोजन को फ्रिज में उचित तापमान पर रखें। किसी भी भोजन को खुला न छोड़ें। अगर आपको किसी भी खाद्य पदार्थ पर थोड़ा भी महकने का संदेह हो तो उसे न खाएं।

हमेशा हल्के पेट भोजन करें, यानी ओवरइटिंग से बचें। और दिन भर में कम से कम 2.5-3 लीटर पानी जरूर पिएं। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड का सेवन बहुत कम मात्रा में करें। संतुलित आहार लें।



## कहीं आप भी तो वॉर-एंग्जाइटी के शिकार नहीं, हो जाइए सावधान

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने लोगों के दिमाग में उथल-पुथल मचा दी है। खास तौर पर उन लोगों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है जो सोशल मीडिया पर असत्यापित और बिना किसी प्रमाणिक स्त्रोत से खबरें देख-सुन रहे हैं।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई कायराना आतंकी गतिविधि का बदला लेते हुए भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद से दोनों देशों के बीच स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। टीवी चैनल्स लगातार इस स्थिति की रिपोर्टिंग कर रहे हैं, सोशल मीडिया पर भी भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव की खबरें ट्रेंड कर रही हैं। इन खबरों ने लोगों के मन में एक अनजाना सा डर बनाया हुआ है, क्या हम युद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं? हम कितने सुरक्षित हैं, ऐसे सवाल मानसिक तनाव बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हालांकि सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि हमारी सेनाएं मुस्तैदी से न सिर्फ आतंकी देश का सामना कर रही हैं, बल्कि उनके नापाक मनसूबों को नाकाम भी कर रही हैं। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव ने लोगों के दिमाग में उथल-पुथल मचा दी है। खास तौर पर उन लोगों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है जो सोशल मीडिया पर असत्यापित और बिना किसी प्रमाणिक स्त्रोत से खबरें



देख-सुन रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, युद्ध का डर मानसिक स्वास्थ्य पर काफी असर डालता है, जिससे स्ट्रेस और एंग्जाइटी की समस्या बढ़ सकती है। इस तरह की स्थिति को वॉर एंग्जाइटी कहा जाता है। वॉर एंग्जाइटी जैसा कि नाम से ही स्पष्ट होता है कि युद्ध की खबरों को लेकर लोगों के मन में बन रही डर या चिंता। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, युद्ध की अप्रत्याशित प्रकृति जिसमें हिंसा का निरंतर खतरा शामिल होता है ये चिंता और भय को बढ़ाती है। इसका असर उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो सीधे युद्ध में शामिल नहीं होते हैं। रिकॉर्ड्स उठाकर देखें तो पता चलता है कि पहले के कई युद्धों के दौरान भी लोगों में वॉर एंग्जाइटी और इसके कारण होने वाली समस्याएं देखी गई थीं। युद्ध की भयावह स्थिति पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर जैसी स्थितियां भी पैदा कर सकती है, जिसका असर लोगों के दिमाग पर लंबे समय तक बना रहता है।

### वॉर एंग्जाइटी होती क्या है?

वॉर एंग्जाइटी होना आम है, युद्ध के बारे में खबरें, वीडियो और तस्वीरों को देखकर मन में डर और चिंता होना आम प्रतिक्रिया है। यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान भी बड़ी संख्या में लोगों में इस समस्या को देखा गया था। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन ने एक सर्वेक्षण में पाया कि शामिल किए गए करीब 80% प्रतिभागियों ने युद्ध की खबरों-वीडियो के कारण गंभीर रूप से स्ट्रेस और एंग्जाइटी का सामना किया। वॉर एंग्जाइटी और इसके कारण होने वाली समस्याओं को समझने के लिए हार्वर्ड के विशेषज्ञों ने एक अध्ययन किया।



## चावल में नहीं लगेगा एक भी घुन, आजमाएं वायरल ट्रिक



आपके घर में भी चावल को चाहे कितनी भी अच्छी तरह स्टोर कर लिया जाए, लेकिन उसमें घुन जरूर लग जाते होंगे। आज हम आपको एक आसान और सस्ती सी ट्रिक बताने जा रहे हैं। जिससे आपके चावलों में एक भी घुन नहीं लगेगा।

राशन में बहुत सी चीजें ऐसी होती हैं, जो कि कुछ लोग पूरे साल का इकठ्ठा कर लेते हैं। जैसे, दाल, चावल, गेंहू आदि। ऐसे में इन सभी अनाजों को आपको बड़ी सावधानी के साथ रखना पड़ता है। वहीं समय-समय पर इन्हें धूप दिखाना भी जरूरी होता है। वरना बारिश और उमस वाले मौसम में इनमें कीड़े और घुन लग जाना आम बात है। आपके घर में भी यदि चावल को स्टोर किया जाता होगा तो आपने जरूर देखा होगा कि ज्यादा लंबे समय बाद चावल में घुन नजर आने लगते हैं।

### चावल के घुन कैसे हटाएं?

आपके घर में यदि राशन के साथ छः माह या पूरे के साल के लिए चावल स्टोर कर लिया जाता है, तो उसके लिए आपको माचिस की डिब्बी लेनी है। यह आपको अधिकतर सभी के घर में मिल जाती है। अब आपको माचिस की करीब 8-10 तीलियां निकालकर उनको रबर बैंड से बांध देना है। अब इस बंडल को आप जिस भी जगह पर चावल स्टोर करती हैं उसके एकदम अंदर की तरफ डाल देना है। आप देखेंगे आपके चावलों में कभी भी घुन नहीं लगेंगे।

### चावल से घुन हटाने के अन्य टिप्स

आप चावलों में एक कपड़े में फिटकरी का टुकड़ा बांधकर यदि रख देंगी तभी भी आपके चावलों में घुन और कीड़ें नहीं लगेंगे। चावल में से घुन हटाने के लिए आप चूने का भी इस्तेमाल कर सकती है। एक डिब्बी में चूना बांधकर डिब्बे में डाल दें इससे सभी घुन गायब हो जाएंगे। आप एक कपड़े में लौंग, तेजपत्ता और कपूर को बांधकर चावल में रख दें। इससे सारे घुन और कीड़े भाग जाएंगे।

## बुद्ध पूर्णिमा कल, मुहूर्त और ध्यान का महत्व आप भी जानिए



हर साल वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है। बौद्ध धर्म में यह दिन विशेष माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन ही भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। साथ ही यह भी मान्यता है कि इस तिथि पर ही भगवान बुद्ध को बोध गया के बोध वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ही उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बुद्ध को महानिर्वाण प्राप्त हुआ था। इस दिन स्नान दान का बड़ा महत्व है।

पंचांग के अनुसार, वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि का शुभारंभ 11 मई रात 8 बजकर 1 मिनट पर होगा, जिसका समापन 12 मई रात 10 बजकर 25 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जाएगी। बुद्ध पूर्णिमा के दिन वरियान योग और रवि योग का संयोग बन रहा है, जो इस पर्व को और भी खास बनाता है। रवि योग का समय सुबह 5:32 मिनट से लेकर 6:17 मिनट तक रहेगा, जबकि भद्रावास योग सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगा।

बुद्ध पूर्णिमा का हिन्दू और बौद्ध दोनों धर्मों में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी उनके धर्म के उपदेशों का पालन करते हैं। यह दिन आध्यात्मिक जागरूकता और मानवता के सेवा की प्रेरणा देने के लिए जाना जाता है। ध्यान, साधना, और करुणा के साथ भगवान बुद्ध की पूजा करने से मानसिक शांति मिलती है और जीवन की परेशानियों से उबरने में आपको मदद मिलती है। इस दिन स्नान दान करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है।

कार्नर न्यूज

## एक्सपर्ट के बताए इन तरीकों से करें खुद को इमोशनली तैयार

# मैटरनिटी लीव के बाद काम पर लौटने के दौरान खुद को ऐसे करें तैयार, घुलमिल जाएंगी माहौल में

क्या आप मैटरनिटी लीव के बाद काम पर लौटने के लिए खुद को इमोशनली तैयार नहीं कर पा रही हैं? तो यहां हम एक्सपर्ट के टिप्स लेकर आए हैं जो मैटरनिटी लीव के बाद आपको काम पर लौटने के लिए इमोशनली तैयार करने में मदद कर सकते हैं।

मां बनने के बाद एक औरत का जीवन पूरी तरह से बदल जाता है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि मां बनना एक खूबसूरत अहसास है। लेकिन, बच्चे के जन्म के बाद एक औरत अपनी पहले वाली जिंदगी नहीं जी पाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि एक तरफ उसे अपने नन्हें बच्चे की चिंता सताती रहती है तो दूसरी तरफ अन्य जिम्मेदारियां भी मुंह ताकती नजर आती हैं। वर्किंग मदर्स के लिए यह जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। कहने के लिए तो वर्किंग मदर्स को ऑफिस से मैटरनिटी लीव मिलती है, पर जब यह छुट्टियां पूरी होती हैं और नई मां को ऑफिस जाना होता है तब असली मुश्किल समय की शुरुआत होती है।

जी हां, नई मां के मन में पूरे दिन अपने बच्चे को छोड़कर जाने की टेंशन होती है जिसकी वजह से वह खुद इमोशनली तैयार नहीं हो पाती हैं। अगर आप या आपके आस-पास कोई नई मां बनी हैं और उनकी



मैटरनिटी लीव भी खत्म होने चली हैं तो यहां हम एक्सपर्ट के कुछ टिप्स लेकर आए हैं जो काम पर लौटने से पहले आपको इमोशनली तैयार होने में मदद कर सकते हैं।

मैटरनिटी लीव के बाद काम पर लौटने से पहले खुद को इमोशनली कैसे तैयार किया जा सकता है, इस बारे में हमें डॉ। मिक्की मेहता ने बताया है। डॉ। मिक्की मेहता ग्लोबल हॉलिस्टिक हेल्थ गुरु और स्पिरिचुअल लाइफ कोच हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक, मैटरनिटी लीव के बाद काम पर लौटना एक बड़ा इमोशनल चेंज हो सकता है। ऐसे में सिर्फ लॉजिस्टिक तैयारियां ही नहीं, बल्कि इमोशनल रूप से तैयार होना भी जरूरी है। मां बनने के बाद काम पर लौटने से पहले कई तरह के इमोशन्स को महसूस करना बिल्कुल सामान्य है। ऐसे में अगर आपको एक्साइटमेंट, चिंता या एंग्जायटी होती है तो बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत नहीं है।



**योग करें:** डॉक्टर की मानें तो अपने इमोशन्स को कंट्रोल करने के लिए आप योगा कर सकती हैं। यह बैलेंस बनाकर रखने के लिए अच्छा ऑप्शन माना जाता है। ऐसे में सबसे पहले स्थिरता और शांत रहने के लिए शवासन, मेडिटेशन और मौन रहने का अभ्यास करें। साथ ही अपनी सांस को स्थिर होने दें, इसके लिए गहरी और लंबी सांस लें। ऐसा करने से आप काफी रिलैक्स महसूस कर सकती हैं।

**बच्चे की देखभाल:** काम पर लौटने से पहले बच्चे की देखभाल का अरेंजमेंट करना जरूरी है। बच्चे की देखभाल का अरेंजमेंट करने के बाद भी अगर आप इमोशनली तैयार नहीं हो पा रही हैं, तो किसी दोस्त जिसपर विश्वास किया जा सके, पार्टनर या थेरेपिस्ट से बात कर सकती हैं। कई बार बात करने से ही चीजें कंट्रोल में आ जाती हैं।

**ब्रेस्ट फीडिंग को लेकर हैं परेशान:** मैटरनिटी लीव के बाद काम पर लौटने से पहले आप परेशान हैं कि बच्चे को दूध कैसे पिला पाएंगी। तो काम पर लौटने से पहले ब्रेस्ट पंप का इस्तेमाल करना सीख लें। साथ ही धीरे-धीरे करके बच्चे को बोतल से दूध पीने की आदत भी डालें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'फिफ्टी शेड्स' से चर्चा में आए निर्देशक जेम्स फोले ने ली आखिरी सांस



अमेरिकी निर्देशक जेम्स फोले का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। जेम्स फोले को 'फिफ्टी शेड्स', नेटफ्लिक्स की 'हाउस ऑफ काड्र्स', 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' और 'द करप्टर' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। निर्देशक के प्रतिनिधि के एक बयान में पुष्टि की है कि इस अनुभवी फिल्म निर्माता का इस सप्ताह की शुरुआत में नींद में निधन हो गया। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार निर्देशक के प्रतिनिधि ने कहा, 'ब्रेन कैंसर से कई वर्षों तक संघर्ष करने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में उनकी नींद में मृत्यु हो गई।' निर्देशक जेम्स फोले का जन्म 28 दिसंबर 1953 को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में हुआ था। साल 1984 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म रेकलेस से फिल्म निर्माण का सफर शुरू किया। इसके बाद निर्देशक ने 'एट क्लोज रेंज' (1986) से क्रिटिक्स की प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें सीन पेन और क्रिस्टोफर वॉकन ने अभिनय किया था। फोली ने 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992), साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'फियर' (1996), और 'फिफ्टी शेड्स डार्कर' (2017) और 'फिफ्टी शेड्स फ्रीड' (2018) जैसे फिल्मों को बनाया था। निर्देशक ने टीवी में भी योगदान दिया है। उन्होंने 'हाउस ऑफ काड्र्स', 'बिलियन्स' और 'ट्विन पीक्स' जैसी प्रशंसित सीरीज के एपिसोड का निर्देशन किया है। फोली ने मैडोना के लिए कई संगीत वीडियो का निर्देशन भी किया, जिसमें 'पापा डोंट प्रीच' और 'लिव टू टेल' शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## कश्मीर से पुलिस वर्दी में टिस्का ने शेयर की पोस्ट, 'हिट 3' के फोटो देख खुश हुए फैंस



नानी स्टारर फिल्म 'हिट 3' को रिलीज हुए आज एक हफ्ते से ऊपर हो गया है। फिल्म दर्शकों को पसंद आ रही है। इसी बीच फिल्म में नानी की को-स्टार टिस्का चोपड़ा ने फिल्म की जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की कुछ बीटीएस तस्वीरें सोशल मिडिया पर शेयर कीं, जिस पर अब फैंस की प्रतिक्रिया लगातार आ रहा है। 'हिट द थर्ड केस' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में साउथ स्टार नानी मुख्य भूमिका में नजर आए। उन्होंने इस फिल्म में एक खूंखार पुलिस अफसर का किरदार निभाया है। वहीं फिल्म में उनकी को-स्टार टिस्का चोपड़ा ने आज 'हिट 3' से अपनी कुछ बीटीएस तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जो प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नानी की फिल्म ₹हिट 3₹ की शूटिंग हैदराबाद, विशाखापत्तनम, और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर हुई है। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा शिमला और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में भी शूट किया गया। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हुई थी। इसके अलावा फिल्म के कई हिस्सों को विशाखापत्तनम में फिल्माया गया। इस फिल्म के कुछ सींस को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लगभग तीन सप्ताह तक फिल्माया गया। इसके अलावा फिल्म का एक लंबा शेड्यूल शिमला और उत्तर भारत के बाकी हिस्सों में भी शूट किया गया।

टिस्का चोपड़ा फिल्म ₹हिट 3₹ में कृतिका आहूजा के किरदार में नजर आईं। इस फिल्म में टिस्का एक जिम्मेदार वरिष्ठ हैं, जो अर्जुन (नानी) की मदद करती हैं। आज टिस्का ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए 'हिट 3' की कुछ खास तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिनको देखकर लग रहा है कि यह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की हैं। कथित तौर पर क्योंकि फिल्म के कुछ सींस को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लगभग तीन सप्ताह तक फिल्माया गया था। टिस्का ने इन खास तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'हिटः द थर्ड केस बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू चला रहा है.. अभी तक देखी है?' ₹हिट 3₹ 1 मई, 2025 को रिलीज हुई थी।

### भोजपुरी

## खेसारी की फिल्म 'गॉडफादर' का दमदार लुक आया सामने, नेटिजन्स बोले- 'ब्लॉकबस्टर है'



खेसारी लाल यादव को भोजपुरी की हिट मशीन कहा जाता है। उनके गाने फैंस के बीच जमकर बवाल काटते हैं तो अभिनय की जादूगरी भी उनकी खूब चलती है। खेसारी के पास इस वक्त कई बैक टू बैक फिल्में हैं। एक फिल्म है 'गॉडफादर'। इसका पोस्टर जारी किया गया है। फिल्म 'गॉडफादर' का पोस्टर द टाइम्स भोजपुरी के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। पोस्टर में खेसारी लाल यादव नजर आ रहे हैं। वे लाल रंग की शर्ट में पोज दे रहे हैं। बालों का रंग व्हाइट दिखाई दे रहा है। पोस्टर के साथ लिखा है, 'खेसारी की देसी भोजपुरी फिल्म 'गॉडफादर' की पहली झलक'। इसमें खेसारी के साथ यामिनी सिंह, आस्था सिंह, संजय पांडे, विनोद मिश्रा और निशा तिवारी जैसे सितारे हैं। पोस्टर पर खेसारी का अंदाज देखकर लग रहा है कि यह एक्शन फिल्म है। जंग के मैदान में खेसारी दुश्मनों से दो-दो हाथ करने को तैयार नजर आ रहे हैं। पोस्टर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। नेटिजन्स के दिलचस्प रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ब्लॉकबस्टर है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी के फादर'।

### गर्मियों का जलवा

"लक्मे सन एक्सपर्ट साक्षा और किन्नी ने एफडीसीआई के साथ साझेदारी में लक्मे फैशन वीक में द सनस्टॉपर पार्टी पेश की। दोनों के कलेक्शन में इसके फ्लोरल मोटिफ और ज्यामितीय पैटर्न को बोल्ड प्रिंट में शामिल किया गया है। हल्के शिफॉन, कॉटन और सैटिन की वजह से यह कलेक्शन गर्मियों के लिए शानदार विकल्प देता हैं। वहीं लाइक्रा स्विमवियर और कैनवस जैकेट इसे एक नया रूप देते हैं।



लाइफ स्टाइल

## मूंग की दाल से निखर उठेगा आपका चेहरा, दिख सकते हैं और भी कई फायदे

चेहरे पर एक फुंसी भी हो जाए, तो लड़कियां परेशान होने लगती है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी के मौसम में अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती हैं और स्किन प्रॉब्लम को कम करना चाहती है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें कर आप अपने चेहरे पर होने वाली इन परेशानियों से राहत पा सकती हैं।

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक गर्मी का मौसम शुरू होते ही चेहरे पर कई तरह की परेशानियां होने लगती है, जिससे अधिकतर महिलाएं परेशान हो जाती हैं। अगर आप भी स्किन प्रॉब्लम की वजह से परेशान है, तो अब आप बाजार के महंगे प्रोडक्ट की बजाय मूंग की दाल का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ चेहरे के लिए भी काफी लाभदायक माना गया है।



### चेहरे के लिए मूंग की दाल

ब्यूटी एक्सपर्ट ने आगे कहा कि चेहरे पर हो रही परेशानियों को कम करने के लिए आप मूंग की दाल से फेस पर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले मूंग की दाल को रात भर पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद दूसरे दिन पानी अलग कर इसे मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना ले।

### मूंग की दाल से ऐसे बनाएं फेस पैक

इस पेस्ट में आप एलोवेरा जेल, दही और चुटकी भर हल्दी मिला दें। अब इस मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स कर थोड़ी देर ढककर रख दें। उसके बाद अपने चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। जब चेहरा सुख जाए, तब आप अपने चेहरे पर इस फेस पर को 20 मिनट के लिए लगाकर रखें। 20 मिनट पूरे होने के बाद आप अपने चेहरे को साफ पानी से धो सकती हैं।

## सूट में न्यू लुक पाने स्टाइल करें ये प्लाजो के कुछ खास डिजाइंस



इन दिनों प्लाजो काफी ट्रेंड में है और सूट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं इसे कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ सिल्वातीया खरीदती हैं। लेकिन, अगर आप सूट में न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह का नए डिजाइंस वाले प्लाजो अपने सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको 5 लेटेस्ट डिजाइंस वाले प्लाजो दिखा रहे हैं जो आप सूट में न्यू लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।



### फ्लावर डिजाइन प्लाजो

अगर आप लाइट कलर का सूट स्टाइल कर रही हैं तो, आप इस तरह का प्लाजो स्टाइल कर सकती हैं। यह प्लाजो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें बेहद ही खूबसूरत एम्बेलिश्डवर्क किया हुआ है। इस तरह का प्लाजो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा और इसे आप 500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### कट वर्क प्लाजो

अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में पहनने का सोच रही हैं तो, आप इस तरह का कट वर्क प्लाजो स्टाइल कर रही हैं। यह प्लाजो नीचे से राउंड डिजाइन में है। इस तरह का प्लाजो आपके लुक स्टाइलिश टच देने का काम करेगा। यह प्लाजो आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से 400 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो

अगर आप कुछ डिजाइनर प्लाजो पहनने का सोच रही है तो, आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो स्टाइल कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप लॉन्ग या शॉर्ट दोनों स्टाइल में सिल्वा सकती हैं। यह एम्ब्रॉयडरी वर्क प्लाजो को आप सूट के कलर के हिसाब से सिल्वा सकती हैं।

### फ्लोरल प्लाजो

फ्लोरल पैटर्न वालेफ्लोरल प्लाजो भी इन दिनों काफी ट्रेंड में है और न्यू लुक पाने के लिए आप इस सूट के साथ इसे भी स्टाइल कर सकती हैं।

## ट्रेडिशनल लुक पाने हाथों में सजाएं ये लटकन वाली चूड़ियां

अगर आप अपने आउटफिट में परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती है तो, आप इसके साथ इस तरह की चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं जो हाथों की सुंदरता साथ ही, आपके लुक को न्यू टच देने काम करेगी।



### पर्ल वर्क लटकन वाली चूड़ियां

इस तरह की पर्ल वर्क लटकन वाली चूड़ियां आप डार्क कलर के आउटफिट स्टाइल कर सकती है। यह चूड़ी ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। इस तरह की चूड़ी आप 600 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### गोल्ड प्लेटेड लटकन वाली चूड़ियां

अगर आप शादी या पार्टी में हिस्सा ले रही हैं तो, आप इस तरह की गोल्ड प्लेटेड लटकन वाली चूड़ियां स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में बेहद ही खूबसूरत मोती और साथ ही, गोल्ड प्लेटेड लटकन है जो आपके लुक को स्टाइलिश टच देने का काम करेंगी। इस तरह की गोल्ड प्लेटेड लटकन वाली चूड़ियां आप सिंपल और सोबर लुक के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

### जिरकॉन लटकन वाली चूड़ियां

लाइट या एम्ब्रॉयडरी वर्क आउटफिट के साथ आप इस तरह की जिरकॉन चूड़ियां स्टाइल कर सकती हैं। यह जिरकॉन लटकन वाली चूड़ियां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग भी नजर आएगा। इस तरह की चूड़ी आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको ये चूड़ी 300 से 400 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

## पैर दिखेंगे साफ जब घर पर बने इस फुट पैक का करेंगी इस्तेमाल

जब भी खूबसूरती की बात होती है, तो हम सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हर कोई चेहरे को देखकर हमारी खूबसूरती को देखता है। लेकिन चेहरे के साथ-साथ पैरों को भी साफ करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पैर साफ होंगे तो हमे किसी तरह की कोई स्किन प्रॉब्लम नहीं होगी। ऐसे में आप फुट पैक को लगाएं। इस तरह के फुट पैक से आपके पैर भी साफ हो जाएंगे। साथ ही, आपको पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### फुट पैक बनाने का तरीका

इसके लिए आपको एक कटोरी में बेसन लेना है। इसमें दही, गुलाब जल और एसेंशियल ऑयल को मिक्स करना है। इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करके ब्रश की मदद से इस फुट पैक को लगाएं। इसे करीब 20 मिनट के लिए लगे रहने दें।फिर अपने पैरों को पानी से साफ कर लें। इसके बार मॉइश्चाइजर लगाएं और पैरों की मसाज करें। इससे आपके पैर साफ हो जाएंगे।



### फुट पैक लगाने के फायदे

इस तरह के होममेड पैक को लगाने से पैरों की टैनिंग दूर होती है। साथ ही, पैरों की त्वचा इवन नजर आएगी। इसलिए भी आपको ट्राई करना चाहिए। अगर आपके पैरों की डेड स्किन निकल रही है, तो आप इसे हटाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे भी आपके पैर साफ नजर आएंगे। पैरों को मुलायम और साफ करने के लिए आप इस फुट पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे घर पर बनाकर पैरों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### कार्नर न्यूज

### दफ्तर का माहौल आपके जीवन पर डालता है असर

## दफ्तर के लिए तैयार होते वक्त इन बातों का ध्यान जरूर रखें, पूरा दिन बीतेगा तनावमुक्त

आज के समय में महिलाएं हो या पुरुष, सभी कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं। फर्क बस इतना है कि पुरुष दफ्तर जाते समय अपने लुक का ज्यादा ध्यान नहीं रखते, जबकि महिलाएं शादी-विवाह और पार्टियों के साथ-साथ दफ्तर में भी स्टाइलिश दिखना पसंद करती हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको दफ्तर के लिए तैयार होते समय रखना चाहिए। यदि आप इन बातों का ध्यान रखें तो आपका अंदाज बाकियों से अलग दिखेगा और लोग आपकी तारीफ करते थकेंगे नहीं।

### सही कपड़ों का करें चयन

दफ्तर के लिए कपड़े खरीदते समय आपको ये ध्यान रखना है कि ये कपड़े ज्यादा भड़कीले न हों। दफ्तर में हमेशा ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो देखने में सादगीभरे लगें। ज्यादा चमक वाले और भड़कीले रंग वाले कपड़े आपके लुक को अजीब दिखाएंगे। इसलिए कोशिश करें कि जितना हो सके अपने लुक को सिंपल ही रखें।



### हल्का हो मेकअप

दफ्तर जाने से पहले मेकअप तो हर महिला करती है, लेकिन मेकअप करते समय ये ध्यान रखें कि ये हल्का हो। ज्यादा डार्क मेकअप आपकी खूबसूरती को खराब कर सकता है। डार्क मेकअप शादी-विवाह और पार्टियों में तो अच्छा लगता है, लेकिन इसे आप दफ्तर में कैरी नहीं कर सकतीं। दफ्तर में हमेशा मिनिमल मेकअप ही करें।

### सही हो फुटवियर

अक्सर महिलाएं स्टाइल के चलते ऐसी हील्स पहन लेती हैं, जो उनके चलने पर काफी आवाज करती हैं। ऐसे में इस बात का ध्यान रखें, कि आपकी फुटवियर से आवाज बिल्कुल न आए। दफ्तर में ऐसी फुटवियर ही पहनें, जिसे पहनकर आप 9 से 10 घंटे बाद भी असहज न हों। वरना ये आपको परेशान कर सकती है। .

### गलत एक्सेसरीज न पहनें

ज्यादा अलग और अच्छा दिखने के चक्कर में महिलाएं गलत एक्सेसरीज कैरी कर लेती हैं। एक साधारण घड़ी या कम चूड़ियां, या फि स्टाइलिश लेकिन हल्का सा हार देखने में अच्छा लगता है। कभी भी हैवी ईयररिंग्स न पहनें, ना ही भारी हार पहनें।

### सही हो हेयर स्टाइल

हर लड़की बालों को हमेशा खुला नहीं रख सकती। ऐसे में दफ्तर के लिए तैयार होते वक्त हेयर स्टाइल का ध्यान रखें। आपका हेयर स्टाइल ऐसा होना चाहिए, जिसे कैरी करके आपको दिक्कत न हो। इसके लिए आप बालों में स्लीक पोनीटेल, लो बन या साइड पार्ट कर सकती हैं।

